दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा मंगलवार 23 अप्रैल 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 460

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

# पीएम मोदी के मुस्लिमों को लेकर दिए बयान पर हंगामा, राहुल गांधी समेत पूरा विपक्ष हमलावर



लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में हुए रैली में कांग्रेस पर जोरदार हमला किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आ गई तो वो सारी संपत्ति मुसलमानों में बांट देंगे। पीएम मोदी के इस बयान पर अब हंगामा शुरू हो गया है। राहुल गांधी समेत विपक्ष इसे लेकर हमलावर हो गया है।

**कमाई घुसपैठियों में बांट देंगे:** बांसवाड़ा में जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब मनमोहन सिंह की सरकार थी तो उन्होंने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका यही मतलब हुआ कि वो संपत्ति किसमें बाटेंगे? जिनके ज्यादा बच्चे हुए उन्हीं को देंगे। ये अपनी संपत्ति घुसपैठियों में बांट देंगे। क्या आप अपनी मेहनत की कमाई घुसपैठियों में बांट देंगे?

**राहुल गांधी हुए हमलावर:** पीएम मोदी को मुस्लिमों को लेकर दिए गए इस बयान के बाद विपक्ष हमलावर हो गई है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने निशाना साधते हुए कहा कि पहले चरण के मतदान में निराशा हाथ लगने के बाद नरेंद्र मोदी के झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि घबरा कर वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। कांग्रेस के 'क्रांतिकारी मेनिफेस्टो' को मिल रहे अपार समर्थन के रुझान आने शुरू हो गए हैं। देश अब अपने मुद्दों पर वोट करेगा, अपने रोज़गार, अपने परिवार और अपने भविष्य के लिए वोट करेगा। भारत भटकेगा नहीं!

## संक्षिप्त खबरें ।

### तेजस्वी के सीबीआई, ईडी को भाजपा के जमाई बताने पर भड़के विजय सिन्हा



लोक तंत्र की आवाज

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को राजद नेता तेजस्वी यादव द्वारा सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग को भाजपा के जमाई बताए जाने पर जमकर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव जिस तरह से सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग के लिये भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ये संवैधानिक संस्थाएं मां भारती की संतान हैं और यह संविधान हमारी माता के रूप में है।

पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इन संवैधानिक संस्थाओं को लेकर इस प्रकार मजाक कर रहे हैं और इस तरह के शब्दों का प्रकटीकरण कर रहे हैं तो यह घृणित मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने आगे सवालिया लहजे में कहा कि जो नाजायज औलाद हैं, आतंकवादी, उग्रवादी और भ्रष्टाचारी ये क्या तुम्हारे यार हैं?

भाजपा के नेता सिन्हा ने तेजस्वी को निशाने पर लेते हुए आगे कहा कि तुम्हारे माता और पिताजी द्वारा किये गये कार्य ने बिहार को बर्बाद कर दिया। मां भारती की संतान अगर मामले की जांच कर रही है तो न्यायालय उस पर फैसला दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान न्यायालय पर भी 'कमेंट' है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव का ऐसा बयान हताशा और निराशा में दिया गया बयान है। बिहार की जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अब जो जनता का विश्वास जीत कर आएगा, वही राजा का पुत्र बनेगा, राजा के कोख से अब राजा नहीं पैदा होगा।

## मोदी की टिप्पणी से गुस्साए कपिल सिब्बल, बोले- पीएम सम्मान के काबिल नहीं, ईसी भेजे नोटिस

लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** पहले चरण के चुनाव के बाद मोदी के बयान के बाद से एक बार फिर कांग्रेस और भाजपा में जंग शुरू हो गई है। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने मोदी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा है कि इस तरह के बयान पर चुनाव आयोग चुप क्यों है? उन्हें पीएम को नोटिस भेजना चाहिए। ऐसे बयान उनकी मानसिकता बताते हैं, पीएम सम्मान के काबिल नहीं हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बयान के बाद से कांग्रेस नेताओं ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। हाल ही में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि पीएम मोदी के भाषण से लग रहा है कि पहले चरण का चुनाव उनके पक्ष पर नहीं रहा है। बता दें कि पहले चरण के चुनाव के बाद सभी पार्टी के नेताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसका जिक्र किया था। कपिल सिब्बल ने यह भी कहा कि पीएम के भाषण से यह लग रहा है कि बहुत सारे



लोग निराश हैं, जो इशारा करता है यहां रह रहे अल्पसंख्यक घुसपैठिए हैं। यह कैसी राजनीति है, यह हमारी संस्कृति में तो नहीं है।

वहीं इस बात पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि भाजपा और पीएम मोदी भारत की जनता को असल मुद्दों से भटकाने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर दावा किया, 'पहले चरण के मतदान में निराशा हाथ लगने के बाद नरेन्द्र मोदी के झूठ का स्तर इतना गिर गया है कि घबराकर वह अब जनता को मुद्दों से भटकाना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के 'क्रांतिकारी घोषणापत्र' को मिल रहे अपार समर्थन के रुझान आने शुरू हो गए हैं। देश अब अपने मुद्दों पर वोट करेगा, अपने रोजगार, अपने परिवार और अपने भविष्य के लिए वोट करेगा। भारत भटकेगा नहीं'

**प्रधानमंत्री सम्मान के काबिल नहीं है:** राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल बोले कि इस तरह की नफरत के साथ हिंदुस्तान में शांति बरकरार नहीं रखी जा सकती। वे बोले कि प्रधानमंत्री पद पर बैठे हर व्यक्ति का हम सम्मान करते हैं। लेकिन ये प्रधानमंत्री सम्मान के काबिल नहीं हैं। देश के बुद्धिजीवियों को आवाज उठानी होगी। उन्होंने मोहन भागवत पर निशाना साधते हुए कहा कि वे चुप क्यों हैं?

**इतनी नीचे गिर गई राजनीति:** पीएम मोदी के भाषण पर कपिल सिब्बल ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि यहां राजनीति का स्तर इतना नीचे गिर गया है। क्योंकि ऐसा इतिहास में कभी नहीं हुआ। पीएम मोदी का भाषण किस ओर इशारा करना चाह रहा है।

**चुनाव आयोग मूक क्यों हैं?:** कपिल सिब्बल ने चुनाव आयोग पर चुप होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि पीएम मोदी पर तुरंत कार्रवाई क्यों नहीं की गई? इस भाषण की निंदा की जानी चाहिए थी। चुनाव आयोग को प्रधानमंत्री मोदी को इस बात पर नोटिस भेजना चाहिए।

**क्या था प्रधानमंत्री मोदी का बयान:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले चरण चुनाव के बाद राजस्थान के बांसवाड़ा में एक भाषण में कहा है कि 'ये अर्बन नक्सल वाली सोच, इस हद तक चले जाएंगे' कि मेरी माताओ– बहनों ये आपका मंगलसूत्र भी बचने नहीं देंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा, 'ये कांग्रेस का घोषणापत्र कह रहा है कि वे माताओं बहनों के सोने का हिसाब करेंगे, उसकी जानकारी लेंगे और फिर उस संपत्ति को बांट देंगे। उनको बांटेंगे जिनके बारे में मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है।

## इंडिया गठबंधन के नेताओं ने खेला बड़ा दांव, कहा-150 सीटें भी नहीं जीत पाएगी भाजपा

लोक तंत्र की आवाज



**रांची।** झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर 4 चरणों में मतदान होगा. आम चुनाव से पहले सियासी दलों प्रचा अभियान तेज हो गया. झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार (21 अप्रैल) को बीजेपी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला. सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता बीजेपी को करारा जवाब देगी. उन्होंने दावा किया कि भगवा खेमा 150 सीटें भी नहीं जीत पाएगा।

सीएम चंपई सोरेन कल राजधानी रांची स्थित तारा मैदान में इंडिया गठबंधन की तरफ से आयोजित 'उलगुलान न्याय महारैली' में शामिल हुए. इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का झारखंड से सफाया हो जायेगा. उन्होंने दावा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत का परचम लहराएगा।

**'झारखंड में हो जाएगा भगवा पार्टी का सफाया:** बीजेपी के '400 पार' नारे पर तंज कसते हुए सीएम चंपई सोरेन ने कहा, बीजेपी दावा कर रही है कि एनडीए गठबंधन लोकसभा चुनाव में 400 सीटों पर जीत हासिल करेगा, लेकिन वह पूरे देश में 150 सीटें भी नहीं जीत पाएंगे.₹ उन्होंने कहा कि झारखंड में भगवा पार्टी का सफाया हो जाएगा, इसकी वजह ये है कि इंडिया गठबंधन और उसके सहयोगी दल यहां की सभी 14 लोकसभा सीटों पर क्लीन स्वीप करेंगे। दो मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी को लेकर सीएम चंपई सोरेन आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लोगों के लिए जनकल्याण का कार्य करने की वजह से बीजेपी ने उन्हें जेल भिजवा दिया। सोरेन ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भाजपा ने जेल में डाल दिया है। लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे थे।

**28 पार्टियों ने रैली में लिया भाग:** राजधानी रांची में आयोजित उलगुलान रैली में इंडिया गठबंधन में शामिल 28 सियासी दलों ने भाग लिया. इस बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जु खरगे, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल हुईं.

### सीएम चंपई सोरेन ने बीजेपी पर लगाए गंभीर आरोप

इंडिया गठबंधन की तरफ से आयोजित इस रैली को संबोधित करते हुए सीएम चंपई सोरेन ने आरोप लगाया कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के 11 लाख गरीबों का राशन कार्ड खारिज कर दिया था, इसके उलट हेमंत सोरेन 20 लाख अतिरिक्त राशन कार्ड आवंटित किया. उन्होंने कहा कि बीजेपी को केंद्र की सत्ता से बेदखल करना जरुरी है. चंपई सोरेने कहा कि जेएमएम सरकार द्वारा किए गए जनहित के काम भगवा पार्टी के सिरदर्द बन गया है। बीजेपी पर जुबानी हमला बोलते हुए सीएम चंपई सोरेन कहा कि बीजेपी को सत्ता से हटाना इसलिए जरुरी है, क्योंकि वह बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करते हैं। उन्होंने कहा अगर बीजेपी सत्ता में दोबारा आती है तो लोगों को विकास के नाम पर गुमराह करना जारी रखेगी।

## भोजपुरी एक्टर पवन सिंह ने एनडीए कैंडिडेट के खिलाफ ही ठोकी ताल

लोक तंत्र की आवाज

**पटना।** मशहूर भोजपुरी गायक और अभिनेता पवन सिंह ने काराकाट लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है. चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा से ठऊअ कैंडिडेट के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं. काराकाट सीट से उपेन्द्र कुशवाहा एनडीए प्रत्याशी हैं, लेकिन पवन सिंह के मैदान में उतरने के बाद कुशवाहा के लिए जीत की राह आसान नहीं दिखती .

इधर एनडीए के नेता पवन सिंह का स्वागत करने में जुटे हैं. चिराग पासवान की पार्टी लोजपा(रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष (जो काराकाट लोस क्षेत्र से ही जुड़े हैं) ने भोजपुरी एक्टर को गुलदस्ता देकर स्वागत किया है. मुलाकात की तस्वीर सामने आने के बाद चर्चा शुरू हो गई है. हालांकि विवाद बढ़ते देकर चिराग पासवान की पार्टी के नेता ने सफाई दी है।

**पहले खिंचाई तस्वीर फिर दी सफाई:** हालांकि पवन सिंह को गुलदस्ता देकर स्वागत करने और मिठाई खिलाने की तस्वीर सामने आने के बाद चिराग पासवान की पार्टी के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्रा ने सफाई दी है. लोजपा नेता ने फेसबुक पर सफाई देते हुए लिखा है कि मशहूर गायक पवन सिंह से एक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते एक निजी मुलाकात हुई थी. उसे राजनैतिक रूप दिया जाना बेहद खेदजनक है। मैं एनडीए के एक मजबूत घटक दल लोजपा (रामविलास) का एक समर्पित कार्यकर्ता हूं .इस नाते मेरी प्रतिबद्धता एनडीए के साथ है .मैं पवन सिंह का चुनाव प्रचार करने में किसी भी तरह से सहयोग करने में असमर्थ हूं पर मेरी शुभकामनाएं उनके साथ है।

इधर, रविवार को पवन सिंह औरंगाबाद के भगवान भास्कर की नगरी देव पहुंचे. भोजपुरी के सुपर स्टार गायक पवन सिंह का जहां हजारों की सख्या में उपस्थित समर्थकों ने जोरदार अभिनंदन किया। वहीं उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी रही। पुलिस के कड़ी मशक्कत करने के बावजूद भी उन्हें मंदिर तक पहुंचने में घंटो समय लग गया। भगवान भास्कर के मंदिर पहुंच उन्होंने पूजा अर्चना कर मौके पर मौजूद लोगों का भी अभिवादन किया। हालांकि मौके पर उपस्थित पत्रकारों के द्वारा पवन सिंह से कई सवाल किए गए। लेकिन पवन सिंह कुछ भी बोलने से परहेज करते रहे।

### इधर...चिराग की पार्टी के 'उपाध्यक्ष' उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत कर रहे, क्या



### कुशवाहा के खिलाफ ही मैदान में उतरेंगे पवन सिंह

भोजपुरी एक्टर पवन सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल से टिकट दिया था। लेकिन उन्होंने वहां से चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया। तब कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा किसी दूसीर सीट से पवन सिंह को उम्मीदवार बना सकती है. हालांकि ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद पवन सिंह ने काराकाट सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है. काराकाट सीट भाजपा की सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा के खाते में गई है. दल के नेता उपेन्द्र कुशवाहा काराकाट से चुनावी मैदान में हैं. पवन सिंह के चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा से ही एनडीए परेशान है. रही–सही कसर एनडीए के सहयोगी दल के नेता पूरी कर दे रहे हैं. चिराग पासवान की पार्टी के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्रा ने पवन सिंह से मुलाकात की है और उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया है. साथ ही मुंह मीठा किया है. इसकी तस्वीर भी वायरल की गई. पवन सिंह को गुलदस्ता देकर स्वागत किये जाने के बाद चिराग पासवान की पार्टी के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्रा सवालों के घेरे में आ गये हैं. सोशल मीडिया में चर्चा चल पड़ी है कि चिराग पासवान के नेता भी पवन सिंह का साथ दे रहे हैं।

## पीएम मोदी 6 भाई-बहन तो नीतीश पांच, लालू के 9 बच्चा पैदा करने पर उठे सवाल पर तेजस्वी ने एक पीढ़ी ऊपर चढ़ कर किया जवाबी हमला

लोक तंत्र की आवाज

**पटना।** लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे पर हमलावर हैं। इसी कड़ी में सीएम नीतीश ने राजद सुप्रीमो लालू यादव के परिवार पर निशाना साधते हुए कहा था कि लालू यादव ने इतने बच्चे पैदा कर दिए, बताइए इतना करता है कोई। इसको लेकर आज तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी, सीएम नीतीश सहित बाबा साहब अंबेडकर और देशभक्तों के परिवार का लेखा–जोखा पेश कर दिया है। उन्होंने एक एक के परिवार के बच्चों का जिक्रकर बता दिया है कि उन सब के कितने बच्चें हैं।

**तेजस्वी जी ने बताया किसके हैं कितने भाई बहन:** दरअसल, आज चुनावी प्रचार पर जाने से पहले तेजस्वी यादव ने यह बड़ा बयान किया है। उन्होंने कहा है कि, देखिए सीएम नीतीश हमारे अभिभावक है पिता तुल्य हैं, हमेशा से हम उनका सम्मान करते हैं, हम उनके बेटे के रुप में खड़े रहे हैं। उनके परिवार के ऊपर हुए हमले को पर तेजस्वी ने कहा कि, वो(सीएम नीतीश) नहीं बोलना चाहते हैं, वो नहीं बोल रहे हैं, उनसे कोई बोलवा रहा है, जो बोलवाने वाले लोग हैं उनका जिक्र हम जब किताब लिखेंगे तब करेंगे, जो बोलवा रहे हैं, उनको हम जानकारी दे दें कि बाबा साहब



अंबेडकर जिन्होंने संविधान लिखा है वह खुद 14 भाई–बहन थे, बाबा साहब 14 वें संतान थे अपने माता पिता के, हमारे देश के लिए जिन्होंने कुर्बानी दिया, वो खुद 14 भाई बहन थे, और सुभाषचंद बोस 8वें भाई थे, और खुद सीएम नीतश पांच भाई बहन है, अटल बिहारी बाजपेयी भी 7 भाई–बहन हैं, पीएम नरेंद्र मोदी 6 भाई बहन हैं।

**पीएम के परिवार का भी किया जिक्र:** तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि, प्रधानमंत्री जी के दादाजी सात भाई बहन थे, प्रधानमंत्री मोदी जी के एक चाचा थे नरसिंह दास जी उनके आठ बच्चे हैं। गृह मंत्री अमित शाह सात भाई बहन हैं और वह खुद सातवें नंबर पर है। पटना साहिब के रविशंकर जी सात भाई बहन हैं, तेलंगाना का मुख्यमंत्री चंद्रशेखर 10 भाई बहन हैं, राष्ट्रगान लिखने वाले रविंद्र नाथ टैगोर 7 भाई बहन थे और यही नहीं प्रखर विद्वान भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति वी.वी गिरी जी 14 भाई बहन उनके 14 बच्चे थें। देवदत्त जी के 6 बच्चे थे, नरसिम्हा राव जी के 8 बच्चे थे। तेजस्वी यादव ने कहा कि मुद्दे की बात बोलनी चाहिए। बिहार की तरक्की की बात होनी चाहिए। विकास की बात होनी चाहिए। मुख्यमंत्री जी लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन कोई विजन नहीं है। क्यों नहीं मांग कर रहे हैं ।

## दक्षिण में 20 और देश भर में 220 से ज्यादा सीटें नही जीत पाएगी भाजपा...', तेलंगाना सीएम का दावा

लोक तंत्र की आवाज

**तेलंगाना।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दक्षिण भारत के प्रति 'भेदभाव' दिखाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है. इसके साथ ही उन्होंने दावा किया है कि बीजेपी दक्षिण भारत में 20 से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएगी और पूरे देश में 220 से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएगी।

उन्होंने कहा, 'नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी 220 सीटों को पार नहीं करेगी. यह एक सरल गणना है. लक्षद्वीप समेत दक्षिणी राज्यों में 131 सीटें हैं. इसमें से बीजेपी को कर्नाटक में 13–



14 सीटें, तेलंगाना में 3–4 सीटें और शायद आंध्र में एक सीट मिल सकती है. अन्य सभी राज्यों में पार्टी को कुछ नहीं मिलेगा. इसलिए, बीजेपी दक्षिणी राज्यों में 20 से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएगी।

**भाजपा दक्षिण भारत को कुछ नहीं दिया:** रेवंत रेड्डी ने कहा कि बीजेपी ने सत्ता के मामले में दक्षिण भारत को कुछ भी नहीं दिया है. कैबिनेट मंत्री के रूप में प्रल्हाद जोशी और किशन रेड्डी को छोड़कर, दक्षिण भारतीय सांसदों को कोई अहम पोर्टफोलियो नहीं दिया गया है।

रेवंत रेड्डी आगे ने कहा कि नरेंद्र मोदी और बीजेपी 2024 में सत्ता में वापस नहीं आएंगे. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बीजेपी ने दो बार शासन किया, यूपीए ने दो बार शासन किया. अब बीजेपी और एनडीए दो बार शासन कर चुके हैं. अगर कोई सोचता है कि वह व्यवस्था से बड़ा है, तो यह प्राकृतिक न्याय ही होगा. देखिये, तेलंगाना में केसीआर के साथ क्या हुआ, यह प्रकृति थी, जिसने चीजों को वापस अपनी जगह पर रखा।

## उद्धव ठाकरे नहीं बदलेंगे कैंपेन सॉन्ग

लोक तंत्र की आवाज

**मुंबई।** चुनाव आयोग के नोटिस के बावजूद शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट ने अपने कैंपेन सॉन्ग में बदलाव करने से इनकार कर दिया है। चुनाव आयोग ने रविवार को उद्धव ठाकरे गुट को नोटिस भेजकर कैंपेन सॉन्ग से 'भवानी' शब्द हटाने को कहा है। आयोग ने कहा कि यह शब्द हिंदू देवी से जुड़ा हुआ है। चुनाव में इस तरह के धार्मिक नारे का इस्तेमाल नहीं कर सकते। आयोग के नोटिस पर उद्धव ठाकरे ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वे अपने थीम सॉन्ग से 'भवानी' शब्द नहीं हटाएंगे। आयोग को जो कार्रवाई करनी है करे।

उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग को





चुनौती देते हुए कहा कि बीजेपी नेता कई बार धर्म के नाम पर वोट मांग चुके हैं, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। चुनाव आयोग पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर कार्रवाई करे। गौरतलब है कि, उद्धव गुट ने चुनाव प्रचार के लिए 16 अप्रैल को प्रचार गीत रिलीज किया था, जिसमें 'भवानी' शब्द का जिक्र है। आयोग ने इसे हटाने को कहा है लेकिन उद्धव ने इनकार कर दिया है।

उद्धव ने कहा है– कर्नाटक के चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने जय बजरंग बली बोलकर वोट देने की बात कही। अमित शाह ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में लोगों को मुफ्त में राम मंदिर के दर्शन कराने की बात की। इसको लेकर मैंने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी था। मैंने पूछा था कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री धर्म के नाम पर वोट मांग रहे तो क्या उस पर चुनाव आयोग करवाई करेगा, लेकिन आज तक मुझे इस लेटर का जवाब नहीं मिला। ठाकरे ने कहा– हमने भाजपा की तरह हिंदू धर्म के नाम पर वोट की भीख नहीं मांगी। न ही कहा कि जो जय भवानी कहेगा, उसे वोट देना है, लेकिन फिर भी हमे चुनाव आयोग ने नोटिस भेजा। कहा चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र का अपमान किया। देवी तुलजा भवानी महाराष्ट्र की कुल देवी है। हम अपने थीम सॉन्ग में से भवानी और हिंदू धर्म नहीं हटाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सिरदला: बस स्टैंड सिरदला में महज 3 फीट पर लगा ट्रांसफार्मर मौत को दे रहा निमंत्रण



प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

सिरदला बाजार के नवादा बस स्टैंड के समीप जमीन से महज 3 फीट पर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। जो ऐसे भीड़ भाड़ की जगह पर मौत को निमंत्रण दे रहा है। किसी भी वक्त किसी को भी खतरा हो सकता है। इसमें जिम्मेवार कौन होगा। यह विभागीय लापरवाही और अनदेखी के कारण एक बड़ी घटना को निमंत्रण दे रहा है। ट्रांसफार्मर पुराना है तथा जिस वक्त लगा था उस वक्त उस जगह पर गड्ढा था, धीरे-धीरे दुकान बना और गड्ढा भर गया, तो ट्रांसफार्मर महज 3 फीट पर आ गया है। आने वाले दिनों में ट्रांसफार्मर कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। उपभोक्ताओं का कहना है, कि मिट्टी भराई के बाद ट्रांसफार्मर की उंचाई कम होने से उत्पन्न होने वाले खतरे से निजात दिलाने के लिए स्थानीय मिस्त्री से लेकर पूर्व जेई तक कहा गया। लेकिन किसी के द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया गया।जो गंभीर समस्या है।

### शराब ले जा रहे दो युवक बाइक समेत गिरफ्तार, 14 शराबी भी लिए हिरासत में



राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। थाना क्षेत्र के समेकित जांच चौकी पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्पाद विभाग की टीम विशेष चौकसी बरत रही है। जिसका नतीजा है कि सोमवार की दोपहर बाद शराब ले जा रहे दो युवकों को बाइक समेत धर दबोचा गया। वहीं रविवार की शाम से सोमवार की सुबह तक 14 शराबियों को भी हिरासत में लिया गया। जांच चौकी पर उत्पाद विभाग की टीम का नेतृत्व कर रहे एसआई पिंटू कुमार ने बताया कि उत्पाद अधीक्षक अरूण कुमार मिश्र के निर्देशानुसार झारखंड की ओर से आने वाली सभी वाहनों की सघन जांच तीन शिफ्टों की जा रही है।साथ ही लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड की ओर से किसी भी आपत्ति जनक सामाग्री को बिहार में प्रवेश नहीं दिए जाने को लेकर विशेष नजर रखी जा रही है। जिसका नतीजा है कि बाइक पर शराब की खेप लेकर जा रहे रजौली थाना क्षेत्र के बॉढ़ी गांव निवासी नीरज कुमार एवं विकास कुमार को शराब लेकर बाइक से भागने के दौरान पीछा कर पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि बाइक जांच करने के उपरांत 8.415 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई है। तत्पश्चात दोनों युवकों के ऊपर शराब अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। दोनों को मंगलवार को स्वास्थ्य परीक्षण करने के उपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा है। वही झारखंड की ओर से शराब पीकर विभिन्न वाहनों से आने वाले 14 लोगों को हिरासत में लिया गया। सभी पियक्कड़ों को दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। जहां से मद्य निषेध के तहत जुर्माना वसूलकर मुक्त कर दिया गया।

# प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी नवादा शहर में भव्य रूप से निकल गई रामनवमी जुलूस, खूब लगे जयकारे

लोक तंत्र की आवाज़

**रामनवमी जुलूस को शांतिपूर्वक निकालने को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी अलर्ट मोड में रहे**





सुनील कुमार

**नवादा** । प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी सनातन धर्म लंबियों के द्वारा रामनवमी जुलूस धूमधाम के साथ निकाली गई । शहर के पुरानी बाजार ,पार नवादा, मस्तानगंज सहित कई अन्य इलाकों से अलग-अलग झांकी निकाली गई । जो शहर के विभिन्न मार्गो से निकलते हुए मस्तानगंज पहुंचकर वापस अपने अपने गंतव्य स्थल की ओर प्रस्थान कर गई । रामनवमी जुलूस को शांतिपूर्वक निकालने को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी अलर्ट मोड में रहे। सभी जगह पर सुरक्षा बल की सख्त इंतजाम किया गया था । नवादा शहर के साथ-साथ पार नवादा इलाकों में बैरिकेडिंग और पुलिस बल की खास व्यवस्था की गई थी ।

जिलाधिकारी प्रशांत कुमार और पुलिस अधीक्षक कार्तिक शर्मा खुद पार नवादा स्थित बस पड़ाव के समीप कैंप करते दिखे। जबकि नवादा सदर एसडीओ, रजौली एसडीओ , एडीएम और जिले भर के सभी थानों की पुलिस बल को रामनवमी जुलूस को शांतिपूर्ण निपटने के लिए लगाया गया था । इस दौरान विभिन्न समूहों के द्वारा रामनवमी जुलूस बड़े ही उत्साह के साथ जय श्री राम के उद्घोष से निकाला गया । सभी जय श्री राम के नारे लगाते रहे। भगवा ध्वज, भगवा झंडा और भगवा गमछा के साथ सारे सनातन धर्म के लोग नाचते झूमते हुए यह जुलूस निकाला । इस जुलूस में महिलाओं की संख्या भी काफी अच्छी देखी गयी । सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से सख्त इंतजाम किया गया था। जगह-जगह पर पेयजल, बिस्किट , लड्डू आदि की व्यवस्था की गई थी। पार नवादा क्षेत्र में जैनुल कादरी वार्ड पार्षद प्रतिनिधि की ओर से भी रामनवमी जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबत और पेयजल की व्यवस्था की गई । लेकिन इस बार का रामनवमी जुलूस पिछले बार की रामनवमी जुलूस से काफी कम भीड़ रही। इसमें कई इलाकों से रामनवमी जुलूस और झांकी नहीं निकलने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई । लेकिन सुरक्षा बल और व्यवस्था में कोई कमी नहीं की गई थी। कुल मिलाकर रामनवमी का जुलूस शाम 6:00 बजे तक शांतिपूर्ण चलते रहा। देर शाम तक रामनवमी जुलूस समाप्त होने की उम्मीद जताई जा रही है। सुरक्षा के ख्याल से विद्युत आपूर्ति को भी बाधित किया गया ।

## अनुग्रह मेमोरियल कौलेज में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय गया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा दिनांक 22को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार सिन्हा, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. अमृतेंदु घोषाल, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. उमा शंकर सिंह, डॉ. किशोर पासवान, डॉ. राजेश रंजन पांडेय , डॉ. नीरज कुमार आदि ने स्वयंसेवकों के उत्साह को बढ़ाते हुए अपनी अपनी सारगर्भित बातें रखीं तथा स्वयंसेवकों के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया है। इस कार्यक्रम के द्वारा लोगों में पर्यावरण संरक्षण की भावना को विकसित करने के लिए और पृथ्वी को प्रदूषण से बचने के लिए एक सार्थक किया गया है। हमें अपनी पृथ्वी को हरा भरा रखना पड़ेगा तभी जाकर हम ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण जैसे गंभीर परिस्थितियों से बच सकते हैं आदि बातों पर विशेष जोर दिया गया है। एन एस एस टीम लिडर प्रितम कुमार, विक्रम, सुजीत, अभिनव आदि स्वयंसेवकों ने भी अपनी अपनी बातें रखीं हैं।

## भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मृत सीआरपीएफ जवान के पीड़ित परिवार से मिलकर जताई संवेदना



लोक तंत्र की आवाज़

रौशन कुमार सोनू

**कौआकोल (नवादा ):** भ्लोस प्रत्याशी विवेक ठाकुर के सौजन्य से मृतक जवान की पत्नी को सौंपा एक लाख रुपये का चेक कौआकोल थाना क्षेत के पाली पंचायत के कटनी गांव निवासी व सीआरपीएफ जवान नीलेश कुमार नीलू के आकस्मिक निधन के उपरांत सोमवार को भाजपा की एक प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना जताई। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में पूर्व विस प्रत्याशी व भाजपा नेता रंजीत यादव,पूर्व जिप प्रत्याशी प्रमोद सिंह,पूर्वी मण्डल भाजपा अध्यक्ष देवेंद्र सिंह,पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह,दिलीप चंद्रवंशी आदि नेताओं ने मृतक के स्वजनों से मुलाकात कर घटना पर दुःख जताया एवं कहा कि दुःख की इस महाघड़ी में भाजपा परिवार पीड़ित परिवार के साथ है। वहीं जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने मृतक की पत्नी को भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सह राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर के सौजन्य से एक लाख रुपये का चेक भी सौंपा।

## सड़क लुटेरा गिरोह का 4 बदमाश गिरफ्तार , 3 फरार, पूर्व के कई कांडों में इन अपराधियों की पुलिस को थी तलाश

लोक तंत्र की आवाज़





सुनील कुमार

**नवादा ।** नवादा जिले की पुलिस ने सड़क लूट गिरोह का राजफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार की है। इन लोगों के पास से 2 कट्टा, 5 कारतूस, पूर्व में लूटी गई 2 बाइक, 42 हजार रुपए नगद, एक मोबाइल, एक एटीएम कार्ड की बारामदगी की गई है। गिरफ्तार सभी बदमाश एक ही गांव रोह थाना क्षेत्र के काजीचक मरूई गाने के निवासी बताए गए हैं। इस मामले में पुलिस अधीक्षक नवादा कार्तिकेय के शर्मा ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 16 अप्रैल 2024 और 19 अप्रैल 2024 को रोह थाना इलाके में सड़क लूट की दो घटनाएं हुई थी।इस मामले में दो अलग-अलग प्राथमिक कांड संख्या 117/24 दिनांक 17.4.24 और कांड संख्या 121/2024 दिनांक 20.4.24 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई थी। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए रोह थानाध्यक्ष बसंत कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था।

इस बीच 21 अप्रैल 2024 को कुम्हारावां मरूई पथ पर कुछ बदमाशों के इकट्ठा होने और बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई और 4 बदमाशों चंदन कुमार 19 वर्ष पिता रविंद्र यादव, मनीष कुमार 20 वर्ष पिता राम अवतार यादव, केजीएन कुमार उम्र 18 वर्ष पिता मनोज यादव और नीरज कुमार उम्र 18 वर्ष पिता देवनंदन यादव सभी ग्राम काजीचक्मरूई थाना रोह, जिला नवादा की गिरफ्तारी हुई। जबकि उनके साथ रहे तीन अन्य बदमाश फरार हो गए। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसपी श्रीशर्मी ने बताया कि 17 अप्रैल को रोह थाना इलाके में तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे एक व्यक्ति से एक बाइक, दो मोबाइल और कुछ नकद रुपए की लूट की गई थी। इसी प्रकार 19 अप्रैल 2024 को कुम्हारावांमरूई गांव के पास बारात जा रहे एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल, एटीएम और नगद रुपए की लूट की गई थी। पीड़ितों की सूचना पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी।

गिरफ्तार बदमाशों ने गत वर्ष 6 नवंबर 2023 को रोह थाना इलाके में ही सीएसपी संचालक से नगद रुपए लूट की घटना में अपनी संलिपिता स्वीकारी है। इस प्रकार पूर्व के कुल तीन मामले के अलावा आर्म्स की बरामद की के मामले में एक अलग से प्राथमिक की इन बदमाशों के खिलाफ दर्ज की गई है। आवश्यक पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री द्वारा मंच पर उपस्थित महिलाओं के साथ अजीबोगरीब हरकत किये जाने एवं उनके उलजलूल वयानों से बिहार हो रहा शर्मसार, तत्काल दें अपने पद से इस्तीफा--बीरेन्द्र गोप

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव एडवोकेट बीरेन्द्र कुमार उर्फ बीरेन्द्र गोप ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर उनसे इस्तीफा मांगा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि आपने पिछले कुछ महीनों से मंच पर उपस्थित महिलाओं के साथ जो अजीबोगरीब हरकत कर रहे हैं,सदन के अंदर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करना तथा चुनावी सभाओं में जिस प्रकार उलजलूल वयानबाजी कर रहे हैं उससे यही दर्शाता है कि आप मानसिक रूप से बीमार हैं,आपको तत्काल मनोरोग चिकित्सक से ईलाज कि जरूरत है। बीरेन्द्र गोप ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि आप तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे दें, क्योंकि आपके इन हरकतों एवं वयानों से मुख्यमंत्री पद की क्षवि तो धूमिल हो ही रही है साथ ही बिहार भी शर्मसार हो रहा है। बीरेन्द्र गोप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रंगा-बिल्ला कि जोड़ी दोनों उपमुख्यमंत्रीयों पर हमला करते हुए कहा कि इनलोगों के पास सिर्फ लालूजी को गाली देने के सिवा अपनी कोई उपलब्धि है ही नहीं जिसके आधार पर बिहार वासियों से वोट मांग सके। बीरेन्द्र गोप ने दोनों उपमुख्यमंत्रीयों को सलाह देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो अपने टूच्चे टाइप वयानों को छोड़कर जिस प्रकार पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपने द्वारा सतरह महिनें में किये गये कार्यों के नाम पर सीना ठोककर लोगों से वोट मांग रहे हैं और अपनी उपलब्धि गिना रहे हैं, उसी प्रकार प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा विगत दस वर्षों में जनहित में किये गये कार्यों एवं उपलब्धियों पर वोट मांगें। श्री बीरेन्द्र गोप ने कहा कि इसबार देश के यूवा खासकर बिहार के यूवा चार सौ पार का नारा देने वाले गोधरा एवं नौजवानों के गुनाहगार, गुजरात के ताड़ीपार एवं कुर्सी के खातिर बार-बार राजनीतिक सुचिता को कलंकित करनेवाले पल्टीमार नीतीश कुमार की मंशा भांप गये हैं।इसलिये इसबार बिहार के यूवा इनलोगों के झांसे में न आकर सिर्फ और सिर्फ विकास और रोजगार के नाम पर वोट किये हैं और करेंगे।

## माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष ने अपने माता माधुरी देवी के तीसरी पुण्यतिथि पर नेत्रहीन बच्चों को भोजन कराकर मनाया

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।** माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपने माता माधुरी देवी के तीसरी पुण्यतिथि पटना-गया रोड पर स्थित चाकन्द के समीप रहीम बिगहा में नेत्रहीन विद्यालय में नेत्रहीन बच्चों को भोजन कराकर मनाया है। इस दौरान कुमार गौरव ने अपने अपना माता का पुण्यतिथि पर चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया और विद्यालय के बच्चों को भोजन कराया गया है। सिन्हा ने कहा कि कोरोना काल में मेरी माता माधुरी देवी का निधन हो गया, उसके बाद से मैं इन असहाय बच्चों के साथ ही माता का पुण्यतिथि को मनाता हूं। इनलोगों के पास आकर इनकी सेवा कर मैं अपनी माता जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी अर्पित कर पाता हूं। वर्ष 1983 से चलने वाले इस नेत्रहीन विद्यालय के संस्थापक महेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि आज तक किसी प्रकार की हमें सरकारी सुविधाएं नहीं प्राप्त हुई हैं। जबकि यहां बिहार के विभिन्न जिलों यथा कैमूर, रोहतास, पूर्णिया, दरभंगा सहित कई जिलों के बच्चे यहां रहते हैं और यहां से पढ़ाई कर देश के कई हिस्सो में नौकरी कर रहे हैं जिसमें अभी वर्तमान समय में एक लड़का मुंबई, रेलवे में कार्यरत हैं। इनकी बातों को सुनने और जानने के बाद माधुरी फाउंडेशन के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने कहा कि हमारी सरकार के मुखिया नीतीश कुमार हर चीजों पर नजर रखते हैं और सहयोग करने के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। उन्होंने कहा कि इस नेत्रहीन विद्यालय को सरकार के संज्ञान में लाकर सहयोग दिलाने का पूरा प्रयास करुंगा। इस मौके पर विद्यालय के सभी बच्चों के अलावे गौतम कुमार,सागर कुमार, राजेश कुमार ,शौर्य कुमार लाल,आदि मौजूद रहे।

## दहेज में 30 हजार रुपये कम मिलने पर दुल्हन क़े भाई क़े साथ मारपीट ,सदर अस्पताल में भर्ती

लोक तंत्र की आवाज़



सुनील कुमार

**नवादा** । नवादा में दहेज की राशि कम मिलने पर लड़का पक्ष क़े लोगों ने दुल्हन क़े भाई क़े साथ मारपीट कर किया जख्मी ,जिसके बाद युवक क़ो नवादा सदर अस्पताल इलाज क़े लिए लाया गया। यह घटना नवादा नगर थाना क्षेत्र के सोभनाथ मंदिर परिसर में हुई। जहां शादी समारोह चल रहा था ,इसी बीच दहेज क़ो लेकर विवाद हुआ और लड़की के भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवक की पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के गोलाबड़राजी गांव निवासी राजेश चौधरी का पुत्र राजीव कुमार के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि सोभनाथ मंदिर में राजीव की बहन का शादी हो रहा था । वहीं लड़का पक्ष क़ो तिलक में 30 हजार रुपया कम मिला था। लड़का पक्ष द्वारा शादी समारोह के समय 30 हजार रुपये की मांग करने लगा। इसी बात क़ो लेकर दोनों पक्ष में विवाद हुआ और लड़की के भाई को मारपीट कर घायल कर दिय। घटना क़े बाद मंदिर परिसर में अफरातफरी का माहौल हो गया। काफी प्रयास क़े बाद माहौल शांत हुआ। इधर युवक का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

## नाली निर्माण व गंदा पानी घर में घुसने पर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**

सिरदला बाजार के गली में नाली निर्माण नही होने के कारण सड़क पर बह रहे गंदा पानी के कारण हो रही समस्या से निजात पाने को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए सिरदला बाजार के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास सिरदला , हिसुआ मुख्य मार्ग पर बिजली के पोल रख कर घंटो सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया की अपनी समस्या की शिकायत कई बार विभागीय लोगों से की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे लोगों में नाराजगी है।लोगों का कहना है कि नाली जाम और कुछ बने हुए नाली का पानी बहाव नही होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। गंदा पानी घरों में घुसने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ कई जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। कई माह से नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इससे उठने वाली दुर्गंध से लोग परेशान हो रहे हैं। गंदा पानी सड़क पर बहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। संक्रमक बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। इस मार्ग से दो पहिया वाहन चालक, बच्चे व बुजुर्ग नाली के पानी में अक्सर फिसलकर गिरने से चोटिल हो जाते हैं। नाली का पानी काफी दिनों से सड़क पर बहने के कारण कहीं-कहीं गड्ढा भी हो गया है। कुछ बच्चे हुऐ भाग पर अगर नाली निर्माण हो जाता तो हम लोगों को इस समस्या से निदान मिल जाता ।

**नही पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी सिरदला** वहीं ग्रामीणों का कहना था की जब तक प्रखंड विकास पदाधिकारी व सिरदला के वर्तमान मुखिया हमारी समस्या का खुद आकर निदान नही करते है। तब हम लोग सड़क जाम नहीं हटायेंगें। सूचना पर पहुंची सिरदला पुलिस ने लोगों को काफी समझा बुझा कर शांति पूर्ण सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाया और हर संभव प्रयास कर नाली के समस्या को पदाधिकारियों से कह कर मदद करने की बात कही।अपनी समस्या को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से अवगत करवाने को कहा और सहयोग करने की बात पर ग्रामीणों ने जाम हटाया ।

**उग्र ग्रामीणों ने मुखिया के आवास पहुंच किया प्रदर्शन**

सिरदला बाजार वार्ड नंबर तीन के दर्जनों ग्रामीणों ने सिरदला पंचायत के मुखिया मुनमुन देवी के आवास पर पहुंच कर मुखिया से मुलाकात की बात कही। मुखिया के आवास पर नही रहने की सूचना पर ग्रामीण नाराजगी जताई है। सिरदला के पूर्व पंचायत समिति सदस्य अखिलेश कुमार आर्य के समझाने बुझाने के घंटो बाद लोग शांत हुए और अपने अपने घर चले गए। मुखिया जी के आने के बाद सारी समस्या से अवगत करवाया जायेगा ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कछवां/मिर्जापुरः ट्रेन हादसा



सोनू
कछवां/मिर्जापुर । कछवां थाना क्षेत्र के जमुवारी गांव के सामने वाराणसी वाया इलाहाबाद रेलवे लाइन रूट पर मंडुवाड़ीह नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन से एक अज्ञात 55 वर्षीय अधेड़ की ट्रेन दुर्घटना में कटकर मौत हो गपी जिसकी सूचना स्थानी लोगों ने कछवां रोड रेलवे स्टेशन के रेलवे स्टेशन मास्टर ने मेमो के द्वारा कछवां पुलिस को दिया जिस पर कछवां पुलिस के भैंसा चौकी प्रभारी लल्लन यादव मय फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही उन्होंने बताया कि अधेड़ व्यक्ति काला पैंट और फिरोजी कलर का शर्ट पहना हुआ है और ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो यी है पहचान कराने का काफी प्रयास किया गया लेकिन आसपास के लोग उसका पहचान नहीं कर पाये। इसलिए उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और वही उसके शव को मर्चरी में रक्खा जाएगा अगर पहचान होगी तो शव को परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा अन्यथा अंतिम संस्कार पुलिस के द्वारा कराया जाएगा।

### धरती हमारी माता है हम सब इस धरती की गोद में ही पलते और बढ़ते हैं : सूर्य मुनि तिवारी




चंदौलीः धरती हमारी माता है हम सब इस धरती की गोद में ही पलते और बढ़ते हैं। प्रदूषण के बढ़ते हुए प्रकोप ने धरती की पारिस्थितिक तंत्र को असंतुलित बना दिया है अतः हम मनुष्यों का कर्तव्य है की धरती को स्वच्छ रखें और आगे आने वाली पीढियों को एक स्वच्छ एवं स्वस्थ धरती दे। जो हमारे पूर्वजों, ऋषि –मुनियों ने हमें प्रदान किया। उपरोक्त तथ्य विद्यालय के प्रबंध निदेशक सूर्य मुनि तिवारी ने विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा तथा उन्होंने बच्चों को जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी का भावार्थ भी समझाया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार मिश्रा ने बच्चों को इस वर्ष के विश्व पृथ्वी दिवस के थीम प्लैनेट्स वर्सेस प्लास्टिक के महत्व को समझाया। उक्त अवसर पर आर एन त्रिपाठी, संतोष सिंह, संगीता सिंह , जेबा मैम, मंजू मैम, बी मैम, कमलेश्वर तिवारी, अलका, अभिलाष, रुकैया अंजलि इत्यादि अध्यापक उपस्थित रहे।

### संजय यादव का साथ सैकड़ो लोग शामिल हुए बैठक में



सोनू
सिकंदरपुरे ।भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्व संजय यादव ने आज भाजपा नवानगर मण्डल की बैठक में शामिल हुआ। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त मण्डल संयोजक क्षितिज प्रताप सिंह जी ने किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अरविन्द राय , मण्डल प्रभारी मनोज मिश्रा , जयनाथ कुशवाहा , सतेंद्र राजभर, अरविन्द राय , अनिल पाण्डेय , ध्रुव नारायण सिंह उर्फ पिंटू, राजेंद्र सिंह , मण्डल अध्यक्ष आकाश तिवारी , मण्डल अध्यक्ष अरुंजय चौहान , हरिहर राजभर,बागेश्वर नाथ दुबे , सोनू वर्मा , दीनबंधु राजभर , मण्डल पदाधिकारीगण, शक्ति केन्द्र प्रभारी/संयोजक, बूथ अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

# चंदौली:संघर्षशील, कर्मठ व समर्पित कार्यकर्ता का सम्मान—मुस्ताक अहमद खां लगातार दूसरी बार प्रदेश सचिव बनाये जाने पर खुशी की लहर

लोक तंत्र की आवाज़

**मुस्ताक अहमद खां को मिली इस नई जिम्मेदारी पर जिले के कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया**





**चंदौली,चकिया** । रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डा. रामकरन निर्मल द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी में चकिया नगर के मुस्ताक अहमद खां को प्रदेश सचिव पद पर लगातार दूसरी बार नामित किया गया। मुस्ताक अहमद खां को लगातार दूसरी बार प्रदेश सचिव बनाए जाने की सूचना पर चकिया नगर व जनपद के लोगों को हुई तो वह खुशी के मारे झुंम उठे। वहीं कुछ लोग फोन पर तो कुछ लोगों ने खां साहब के घर पर पहुंचकर बधाईयां दी।

मुस्ताक अहमद खां को मिली इस नई जिम्मेदारी पर जिले के कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। इस मनोनयन के लिए प्रदेश सचिव व कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके मनोनयन पर कहा कि यह सही मायने में पार्टी के लिए पूरे मनोयोग से संघर्ष करने वाले कर्मठ व समर्पित कार्यकर्ता का सम्मान है। कार्यकर्ताओं ने भरोसा जताया कि जिस भरोसे और विश्वास के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मनोनयन किया है, उनके भरोसे और विश्वास पर शत,प्रतिशत खरा उतरने के साथ, साथ और व्यापक रूप से पार्टी को मजबूत करते हुए आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इस दौरान लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुजीत कन्नौजिया, वर्तमान जिला अध्यक्ष निरंजन कन्नौजिया, प्रदेश सचिव रामबाबू दिवाकर, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव महमूद आलम, नगर अध्यक्ष मुख्तार अहमद, जिला सचिव अजय गुप्ता, अल्पसंख्यक सभा के वाराणसी महानगर उपाध्यक्ष शमसीर आलम, रीतेश यादव, रमेश यादव, समाजसेवी बबलू एराकी, नौशाद अली, अनिल यादव, नसरुद्दीन हासमी सहित सैकड़ों लोगों ने बधाईयां दिया।

## बलिया : संस्था के प्रागण में पौधा रोपण



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी
**बलिया।** सर्व सेवा संस्थान, नवरतनपुर, नवानगर बलिया द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के क्रम में संस्था के प्रागण में पौधा रोपण किया गया साथ ही यह संकल्प लिया गया इस वर्ष संस्था की तरफ से 50 पौधे लगाए जायेगें। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष परमानन्द प्रजापति ने बाताया कि इस बार पृथ्वी दिवस की थीम प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक है। इसका उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के खपत को कम करने के लिए लोगों को जागरुक करना है। आज हमारा पृथ्वी प्लास्टिक के प्रयोग से ज्यादा प्रभावित हो रहा है। जानवर और मनुष्य को यह अपने चपेट में ज्यादा ले रहा है। अगर हमें पृथ्वी को अच्छा वातावरण बनायें रखना है तो प्लास्टिक के प्रयोग कम करना होगा साथ ही पेड़ पौधे ज्यादा लगाना और संरक्षण करना होगा। इस अवसर पर ममता प्रजापति ने बताया कि पृथ्वी दिवस हमारे जीवन में इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, इस दिन हमें ग्लोबल वार्मिंग के बारे में पता चलता है। इसके माध्यम से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का पता चलता है। पृथ्वी दिवस आमजनमानस के जीवन संपदा को बचाने व पर्यावरण को ठीक रखने के बारे में जागरूक करता है। जनसंख्या वृद्धि ने प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक बोझ डाला है, संसाधनों के सही इस्तेमाल के लिए पृथ्वी दिवस जैसे विषय पर कार्यक्रमों का महत्व बढ़ गया है। इसी क्रम में हम प्रयास कर रहें है। जिससे लोगों का ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर सिंधराज, अनुराग मनी, सुनिल कुमार प्रजापति, अवधेश यादव, नागेद्र यादव, अतुल कुमार, पवन, अरविन्द्र, आनन्द यादव, प्रिंस आदि एवं डी एड विशेष शिक्षा–श्रवण बाधिता व बौद्धिक अक्षमता के छात्र उपस्थित रहे।

## विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय ढट मोदी की पहचान', उट योगी ने कहा– इन मुद्दों पर मिलता है जनता का रिस्पॉन्स



लोक तंत्र की आवाज

**रत्ना लखनऊ** ।मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार देश में विरासत का सम्मान भी देखने को मिला है। काशी में विश्वनाथ धाम महाकाल में महालोक केदारपुरी बद्रीनाथ और सोमनाथ मंदिर का पुनरोद्धार और अयोध्या में 500 इंतजार का समाप्त होना व प्रभु श्रीराम का पुन विराजमान होना। इसके साथ ही इन सभी नगरियों का कायाकल्प भी हुआ है। डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में जनता की आकांक्षा के अनुरूप विकास के कार्य हुए हैं। ये पहली बार देश में देखने को मिला है। विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय पीएम मोदी की पहचान है। इस दिशा में अद्भुत कार्य हुए हैं। उन्होंने बताया कि इन मुद्दों पर चर्चा करने पर पब्लिक का रिस्पॉन्स मिलता है। जिन मुद्दों पर पब्लिक का सबसे ज्यादा समर्थन मिला है वो है आज देश में हाईवे दोगुने हुए हैं। 2014 से पहले 74 एयरपोर्ट थे आज इनकी संख्या डेढ़ सौ से ज्यादा हैं। कांग्रेस के समय केवल 1 एम्स बना था। अटल जी की सरकार के समय 6 नये एम्स की स्थापना हुई। मोदी जी के कार्यकाल में इनकी संख्या 22 हो गई है। इसी प्रकार आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी का विस्तार और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज विकास की नई गाथा कह रहे हैं। सीएम योगी सोमवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

# पूर्व मंत्री और कांग्रेस के पूर्व सांसद समेत कई नेता भाजपा में शामिल, ब्रजेश पाठक ने दलिाई पार्टी की सदस्यता

लोक तंत्र की आवाज




**रत्ना लखनऊ** ।बसपा सरकार में मंत्री रहे सरदार सिंह कांग्रेस के पूर्व सांसद संतोष सिंह गोसाईगंज से सपा के विधायक अभय सिंह के पिता व पत्नी पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी बसपा के राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम के भाई प्रमोद चौधरी समेत विभिन्न दलों के लगभग दो दर्जन नेता सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए।भाजपा प्रदेश कार्यालय में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। पूर्व मंत्री और कांग्रेस के पूर्व सांसद समेत कई नेता भाजपा में शामिल, ब्रजेश पाठक ने दलिाई पार्टी की सदस्यता कांग्रेस के पूर्व सांसद संतोष सिंह को भाजपा की सदस्यता दिलाते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। जागरण संवाददाता, लखनऊ। बसपा सरकार में मंत्री रहे सरदार सिंह, कांग्रेस के पूर्व सांसद संतोष सिंह, गोसाईगंज से सपा के विधायक अभय सिंह के पिता व पत्नी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी, बसपा के राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम के भाई प्रमोद चौधरी समेत विभिन्न दलों के लगभग दो दर्जन नेता सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश कार्यालय में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

# मारपीट व दलित उत्पीड़न के मामले में आरोपी को मिली अंतरिम जमानत

लोक तंत्र की आवाज



**सोनू**
**वाराणसी।** दलित युवक को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां देने और मारने–पीटने के मामले में आरोपित दो युवकों को राहत मिल गई। विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) अनिल कुमार पंचम की अदालत ने अनेई, बड़ागांव निवासी दो आरोपितों मनोज सिंह व उदय सिंह को 25–25 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही नियमित जमानत के लिए 3 मई की तिथि नियत कर दी। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता विकास सिंह, अमनदीप सिंह व अखिलेश सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार अनेई, बड़ागांव निवासी विश्वास ने दो दिसंबर 2019 को बड़ागांव थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि एक दिसंबर 2019 को शाम 6 बजे अनेई बाजार में जाम लगा था। इस जाम में उसके आगे गाड़ी लेकर छोटू सिंह, बंटी सिंह, मनोज सिंह, उदय सिंह, लिटिल सिंह, संदीप सिंह, नितिन शुक्ला, अंकित सिंह व दुर्गेश सिंह के साथ 10–15 अज्ञात लोग गाड़ी को आगे पीछे करने को लेकर उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां देने लगे। जब उसने विरोध किया तो वे लोग जान से मारने की नियत से उसे लात–घूसों व डंडे से मारने–पीटने लगे। जिससे वह अचेत हो गया। जिसकी सूचना पाकर जब उसकी पत्नी संग परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो उनलोगो से भी मारपीट करने व महिलाओं से छेड़छाड़ करने लगे। शोर सुनकर जब आसपास के लोग जुटने लगे तो सभी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए।

# लगातार दूसरी बार प्रदेश सचिव बनाये जाने पर खुशी की लहर

लोक तंत्र की आवाज



**विनय चंदौली**। लगातार दूसरी बार प्रदेश सचिव बनाये जाने पर खुशी की लहर फोन व घर पर पहुंचकर सैकड़ों लोगों ने दी बधाईयां चंदौली, चकिया। रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डा. रामकरन निर्मल द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी में चकिया नगर के मुस्ताक अहमद खां को प्रदेश सचिव पद पर लगातार दूसरी बार नामित किया गया। मुस्ताक अहमद खां को लगातार दूसरी बार प्रदेश सचिव बनाए जाने की सूचना पर चकिया नगर व जनपद के लोगों को हुई तो वह खुशी के मारे झुंम उठे। वहीं कुछ लोग फोन पर तो कुछ लोगों ने खां साहब के घर पर पहुंचकर बधाईयां दी। मुस्ताक अहमद खां को मिली इस नई जिम्मेदारी पर जिले के कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। इस मनोनयन के लिए प्रदेश सचिव व कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके मनोनयन पर कहा कि यह सही मायने में पार्टी के लिए पूरे मनोयोग से संघर्ष करने वाले कर्मठ व समर्पित कार्यकर्ता का सम्मान है। कार्यकर्ताओं ने भरोसा जताया कि जिस भरोसे और विश्वास के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मनोनयन किया है, उनके भरोसे और विश्वास पर शत,प्रतिशत खरा उतरने के साथ, साथ और व्यापक रूप से पार्टी को मजबूत करते हुए आगे बढ़ाने का काम करेंगे। इस दौरान लोहिया वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष सुजीत कन्नौजिया, वर्तमान जिला अध्यक्ष निरंजन कन्नौजिया, प्रदेश सचिव रामबाबू दिवाकर, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव महमूद आलम, नगर अध्यक्ष मुख्तार अहमद, जिला सचिव अजय गुप्ता, अल्पसंख्यक सभा के वाराणसी महानगर उपाध्यक्ष शमसीर आलम, रीतेश यादव, रमेश यादव, समाजसेवी बबलू एराकी, नौशाद अली, अनिल यादव, नसरुद्दीन हासमी सहित सैकड़ों लोगों ने बधाईयां दिया।

## 42 लाख छात्रों को किताबों के लिए महीने भर करना होगा इंतजार, कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों को नहीं मिल सकी पुस्तकें

लोक तंत्र को आवाज




**रत्ना लखनऊ** । राज्य पाठ्य–पुस्तक अधिकारी माधव तिवारी ने बताया कि पूरी कोशिश की जा रही है कि महीने भर में जिलों तक पुस्तकें पहुंचा दी जाएं। सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पहले से ही निर्देश दिए जा रहे हैं कि वह स्कूलों तक जल्द से जल्द पुस्तकें पहुंचाने का प्रबंध करें। किताबों की छपाई का कार्य तेजी के साथ किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।42 लाख छात्रों को किताबों के लिए महीने भर करना होगा इंतजार, कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों को नहीं मिल सकी पुस्तकें

अब चुनाव आयोग ने किताबें छापने के लिए हरी झंडी दे दी है।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। परिषदीय स्कूलों के कक्षा एक व कक्षा दो के 42 लाख विद्यार्थियों को अभी तक निःशुल्क पाठ्य–पुस्तकें नहीं मिली सकी हैं। एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र वर्ष 2024–25 शुरू हो चुका है। फिलहाल, अब चुनाव आयोग ने किताबें छापने के लिए हरी झंडी दे दी है। ऐसे में एक महीने का समय किताबों की छपाई में लगेगा। फिर पुस्तकें विद्यालयों में भेज दी जाएंगी। ऐसे में इन दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों के बस्ते अभी खाली ही रहेंगे।

## गुंडा एक्ट के आरोप से दोषमुक्त पुलिस आयुक्त ने एडीसीपी के नोटिस को किया निरस्त

लोक तंत्र की आवाज़



**वाराणसी** । गुंडा एक्ट में निरुद्ध आरोपित को कोर्ट से राहत मिल गई। लंका पुलिस द्वारा गुंडा एक्ट में निरुद्ध किए जाने के बाद नरिया, लंका निवासी आरोपित प्रशांत बंगाली को पुलिस उपायुक्त काशी जोन द्वारा जारी नोटिस को पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल की अदालत ने निरस्त करते हुए गुंडा एक्ट के आरोप से दोषमुक्त कर दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राकेश तिवारी, योगेंद्र सिंह प्रदीप ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार पुलिस उपायुक्त, काशी जोन ने लंका थाना प्रभारी की आख्या पर नरिया, लंका निवासी आरोपित प्रशान्त बंगाली के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए नोटिस जारी किया था। आरोप था कि आरोपित प्रशांत बंगाली एक गुंडा किस्म का व्यक्ति है। वह स्वयं या किसी गिरोह के सदस्य या सरगना के रूप में आपराधिक घटनाओं में लिप्त रहता है। जो आयेदिन मुहल्ले में मारपीट, झगडा, गाली गलौज एवं महिलाओं के साथ व्यभिचार करने का आदी है तथा इसका जनता के बीच काफी भय व आतंक व्याप्त है। इसके भय एवं आतंक के कारण जनता का कोई भी व्यक्ति इसके विरुद्ध मुकदमा लिखवाने अथवा गवाही देने का साहस नहीं करता है। जिससे इसका मन और बढ़ गया है। इसका जनहित में स्वतंत्र रहना उचित नहीं है। इसलिए इसके विरूद्ध धारा 3/4 उ०प्र० गुण्डा नियंत्रण अधि0–1970 के अन्तर्गत निरोधात्मक कार्यवाही किया जाना नितान्त आवश्यक है। साथ ही इसके खिलाफ लंका थाने में दुष्कर्म का भी मुकदमा दर्ज है। इस मामले में पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल की अदालत ने बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद आरोपित के खिलाफ जारी गुंडा एक्ट की नोटिस को निरस्त कर उसे दोषमुक्त कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अभिनेत्री नेहा शर्मा ने, पापा अजीत शर्मा के लिए किया रोड शो



**केदार नाथ पाण्डेय**

पीरपैंती। हॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा ने भागलपुर लोकसभा प्रत्याशी अपने पिता अजीत शर्मा के पक्ष मे पीरपैंती विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में रोड शो किया ।इस रोड में नेहा शर्मा पिता अजीत शर्मा, पूर्व विधायक रामविलास पासवान,प्रखंड राजद अध्यक्ष उत्तरी रंजीत साह ,प्रखंड राजद अध्यक्ष दक्षिणी मुरली यादव सहित हजारों की संख्या में समर्थक उपस्थित थे। इसके पूर्व अजीत शर्मा ने पूरे प्रखंड का आज दौरा किया । लोगों से अपना समर्थन मांगा। लोगों ने समर्थन का भरपूर आश्वासन दिया। नेहा शर्मा को देखने के लिए सड़कों पर हजारों की भीड़ उपस्थित रही। नेहा शर्मा ने सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया । अपने पिता अजीत शर्मा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। लगभग घंटे भर चले रोड शो के बाद काफिला आगे की ओर प्रस्थान कर गया। रोड शो का नजारा ही बता रहा था कि आने वाला समय कैसा होगा और किसका होगा ? लोगों भीड़ ने बताया कि इस बार अजीत शर्मा कांटे का टक्कर देंगे और विजय श्री हासिल करेंगे।

### कुआ में डूबने से हुई मौत



**केदार नाथ पाण्डेय**

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के प्याला पुर बाघमारा निवासी परमेश्वर साह का पुत्र सिकंदर साह का कुआं में डूबने से मौत हो गई सिकंदर कुमार साह कुआं में मोटर लगाने के लिए उतरा था। अचानक उसका पैर फिसल गया और कुआं में गिर पड़ा जिससे उसकी मौत हो गई। 3 घंटे के बाद कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव को निकाला गया। मृतक अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गया है ।प्रशासन के लोग मौके पर उपस्थित हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रतिक्रिया जारी है ।

### गुप्त सूचना पर साहिबगंज के रांगा थाने की पुलिस ने हिरणपुर मैं की छापेमारी...

बरहरवा। मामला रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत केंदुआ में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीला पदार्थ गांजा के साथ विक्रेता को गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार व्यक्ति के निशानदेही पर हिरणपुर के मदन भगत के घर में छापेमारी की गयी,सूत्रों के मुताबिक मदन भगत गांजा की सप्लाई करता था, पुरे मामले में पुलिस छानबीन में जुट गयी है।

# ग्रीष्मकाल में छपरा व सिवान सहित वाराणसी मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर लगाए गए हेल्प डेस्क व प्याऊ

लोकतंत्र की आवाज

**मंडल के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ के नियंत्रण की व्यापक व्यवस्था की गई**



छपरा (रुचि कमल सिंह सेंगर)। ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये मंडल के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ के नियंत्रण की व्यापक व्यवस्था के साथ यात्रियों की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क लगाये गये हैं। गर्मियों के मौसम में वाराणसी मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे भारत स्काउट्स एव गाइड्स ज़िला संघ- वाराणसी द्वारा 17 अप्रैल,2024 से वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर ग्रीष्मक़ालीन सेवा शिविर - निःशुल्क प्याऊ प्रारंभ किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न प्लेटफॉर्म पर आने जाने वाली गाड़ियों के सामान्य यान एवं शयन यानों में पेय जल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। मंडल के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ के नियंत्रण की व्यापक व्यवस्था की गई है। भीड़भाड़ को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने के लिए सभी गतिविधियों की निगरानी के लिए इन स्टेशनों पर वरिष्ठ अधिकारी तैनात हैं। ग्रीष्मकाल में बढ़ते यात्री घनत्व एवं यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये वाराणसी मंडल के बनारस,मऊ जं,देवरिया सदर,सीवान जं एवं छपरा जं रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सहायता हेतु (हेल्प डेस्क) सहायता पटल लगाये गये हिया जो यात्रियों को गाड़ियों के आवागमन की जानकारी,आरक्षण की स्थितियों,ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों के संचलन की जानकारी प्रदान कर रहे है । इसके साथ ही हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारी यात्रियों को डिजिटल माध्यम से टिकट बनाने एवं स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओ के बारे में भी वांछित जानकारी प्रदान कर सहायता कर रहे है। इसकी जानकारी देते हुए जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार व पब्लिसिटी इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि वाराणसी मंडल पर ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुये मंडल के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये 20 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें 222 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त 53 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमुख नगरों के लिये 395 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके साथ ही सामान्य श्रेणी के डिब्बों में प्रवेश के लिए कतार प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए प्रारम्भिक स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) कर्मियों की तैनाती की गई है। भीड़भाड़ वाली जगहों पर कड़ी नजर रखने और यात्रियों को वास्तविक समय पर सहायता प्रदान करने के लिए सी.सी.टी.वी. नियंत्रण कक्ष में कुशल आर.पी.एफ. कर्मचारी तैनात किए गए हैं। भारी भीड़ के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति से बचने के लिए भीड़ को सुचारू रूप से नियंत्रित करने के लिए राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) के कर्मचारी फुट-ओवर ब्रिजों पर तैनात किए जाते हैं। भारतीय रेल सभी यात्रियों को सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्री इन अतिरिक्त ट्रेनों में अपना टिकट रेलवे टिकट काउंटर या आईआरसीटीसी वेबसाइट/ऐप के माध्यम से बुक कर सकते हैं।

## गरीबों व दलितों के उत्थान व विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे प्रधानमंत्री: राजीव प्रताप रुडी



लोकतंत्र की आवाज

दिघवारा /सारण (मनिंद्र नाथ सिंह मुन्ना)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों एवं दलितों के उत्थान व विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा इनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रहे हैं। जिनका सीधा लाभ गरीबों एवं दलितों को मिल रहा है। यह बात स्थानीय निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी ने सोमवार की शाम को दिघवारा बजार के पूर्वी ढाला हनुमान मंदिर से रोड शो के दौरान कही। इनका रोड शो पूर्वी ढाला हनुमान मंदिर दिघवारा से शुरू होकर बसतपुर, बरबन्ना मझौऑ, गांधी कुटीर, मलखाचक, सैदपुर ककढियां, लक्ष्मीपुर ककढियां,बरुआ, त्रिलोकचक, कुरैया,बभनगांवा होते हुए डुमरी कालरात्रि गांव तक हुआ।इस दौरान पूर्वी ढाला हनुमान मंदिर के पास सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण बंधु के साथ स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के नेतागणों ने सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी का स्वागत बैंड बाजा फूलमाला एवं अंग वस्त्र के साथ किया इस अवसर पर भाजपा नेता रविंद्र सिंह, कृष्णकांत सिंह, हेम नारायण सिंह, सुरजीत कुमार सोनू, प्रोफेसर कन्हैया सिंह, डॉक्टर विकास गुप्ता, बब्लू सिंह,भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के अध्यक्ष दीपक गुप्ता, नरेंद्र सिंह उर्फ पुतुल सिंह, मोहन शंकर प्रसाद, पूनम सिन्हा रुपाली कुमारी, मुन्ना सिंह, मनोज कुमार सिंह मौजूद रहे।रोड शो के दौरान मलखाचक गांव के देवी स्थान के निकट राहुल पासवान के नेतृत्व में सैकडों ग्रामिणों ने बैण्ड बाजो के साथ इनका भव्य स्वागत किया ।वहीं रुढी के रोड शो के दौरान हर गांवों में भव्य स्वागत किया गया।बरुआ गांव मे दलित वस्ती मे रोड शो के दौरान श्री रुढी ने कहा कि आज गरीबों एवं दलितों के उत्थान, निशुल्क अनाज योजना, निशुल्क गैस कनेक्शन, स्वास्थ्य एवं शौचालय की सुविधा सहित अन्य सुविधाएं मुहैया करा रहे हैं जिनका लाभ इन्हें आसानी से मिल रहा है। मलखाचक मे रोड शो मे बीजेपी नेता डॉ पंकज सिंह, हेमनारायण सिंह,पूर्व मुखिया सुधीर सिंह, अजय कुमार सिंह, रामवृक्ष सिंह, कुणाल सिंह, निकेश सिंह, राजू सिंह, बबलु सिंह, कन्हैया सिंह समेत सैकडों की संख्या मे महिला पुरुष कार्यकर्ता शामिल थे।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाली




लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर । सोमवार को भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड कार्यालय बिहपुर मे प्रखंड विकास पदाधिकारी ,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं जीविका बीपीएम की उपस्थिति में जीविका दीदी द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। वहीं जीविका दीदी प्रखंड कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली को शुरू करते हुए बिहपुर बाजार होते हुए बिहपुर जमालपुर के विभिन्न वार्ड में घूमते हुए मतदाता जागरूकता के लिए नारा लगायी एवं घर के सभी वयस्क सदस्यों को मताधिकार का प्रयोग के लिए प्रेरित की.इसके अलावा गृह भ्रमण कर मतदाता को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में जीविका के क्षेत्रीय समन्वयक, सामुदायिक समन्वयक एवं एल एच एस ने भी भाग लिया ।

## मारुति महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

लोकतंत्र की आवाज



नगरा (सारण)। प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र के खैरा बाजार स्थित है राम जानकी मठ में मारुति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जो 25 अप्रैल तक चलेगा। इस यज्ञ में दिन में वैदिक मंत्रोचार के द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है तो वहीं रात्रि के समय श्री कृष्णा आदेश रासलीला मंडली जो की श्री धाम वृंदावन मथुरा से आई है, कृष्ण एवं गोपियों के छेड़छाड़ तथा कृष्ण के द्वारा किए गए रासलीला को बखूबी स्टेज शो के माध्यम से दिखाई जा रहा है। रविवार की रात्रि में कान्हा की दीवानी बन जाऊंगी, मुरली वाले बंसी बजा मैं नाचू तू नचा , मेरे घर के सामने श्याम तेरी मंदिर बन जाए जब खिड़की खोलू तो दर्शन हो जाए तथा तोरा माखन के स्वाद जरा हटके बा माखन टटके के बा आदि गानों पर रासलीला के कलाकारों ने जो भाव नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे सभी दर्शन मंत्र मुग्ध हो गए तथा पूर्ण वातावरण भक्ति में हो गया। रासलीला के कलाकारों में कृष्ण के रूप में कृष्णा तिवारी, राधा के रूप में लखन तिवारी, गोपियों के रूप में हेमंत, महेश, संतोष तथा मनीष, अंश, दीपक एवं अन्य कलाकारों ने अपने कला के माध्यम से दर्शकों को अपनी तरफ आकर्षित किया। वहीं मंडली के आचार्य स्वामी श्री गोपाल दास के द्वारा बृज भाषा में बोले गए श्लोक सबको मन भा रहे हैं। बताते चलें कि मारुति महायज्ञ का आयोजन खैरा के राम जानकी मठ के महंत श्री राम दस बाबा के द्वारा कराया जा रहा है।

## एनडीए गठबंधन के खाते में पूरा 40 सिट: विजय सिन्हा

लोकतंत्र की आवाज



बिहपुर- भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के जयरामपुर उच्च विद्यालय मैदान में सोमवार को भागलपुर से एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल के समर्थन में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने जनसंपर्क अभियान किया।मौके पर बिहपुर विधायक ई.कुमार शैलेन्द्र, विधानपार्षद संजीव कुमार,पीरपैंती विधायक ललन पासवान,भागलपुर मेयर डॉ वसुंधरा लाल भाजपा जिलाध्यक्ष मुक्तिनाथ सिंह निषाद, युवा जिलाध्यक्ष रूपेश रूप,नवगछिया प्रखंड अध्यक्ष धिरज सिंह, संजय राय,बिक्की चौधरी, चन्द्रकान्त चौधरी,सहित हजारों के एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।बिहपुर के जयरामपुर हाई के मैदान से उन्होंने जनसंपर्क आरंभ करते हुए खड़गा, ताेतारी,पाकड़ा, सैदपुर,रंगरा,मकंदपुर,तेलधी काली मंदिर,होते हुए बिहपुर के गौरीपुर पुस्तकालय,सोनबर्षा परशुराम चौक व मड़वा में बाबा ब्रजलेश्वरनाथ मंदिर में जनसंपर्क अभियान का समापन हुआ।वहीं बाबा ब्रजलेश्वरनाथ मंदिर में सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता प्रधानमंत्री मोदी पर अटूट विश्वास है।जिसका असर यहां देखने को मिल रहा है।भागलपुर का पिछला जित का रिकॉर्ड इस बार टूट जाएगा।ऐसा जनता का उत्साह को देखकर लग रहा है।बिहार में एनडीए सभी सीटें जीत दर्ज कर इतिहास रचेगी।वहीं इस लालटेन का सीसा टूट जाएगा।

## राजग गठबंधन प्रत्याशी अजय मंडल के समर्थन में गर्जे मांझी

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के राम सुंदर उच्च विद्यालय खवासपुर के खेल मैदान में ,बिहार सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतराम माझी, राम विलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, उमेश कुशवाहा, बिहार सरकार के मंत्री सुमित कुमार ने आज एनडीए प्रत्याशी अजय कुमार मंडल के चुनाव प्रचार करने हेतु खवासपुर विद्यालय के खेल मैदान पर पहुंचे। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जीतराम माझी नेकहा कि बिहार में नीतीश कुमार की सरकार लगातार विकास कर रही है और आगे भी विकास करते रहेंगे। इस विकास को सुचारू रूप से जारी करने के लिए अपना बहुमूल्य वोट भागलपुर लोकसभा प्रत्याशी अजय कुमार मंडल को अपना बहुमूल्य वोट पर देकर के उन्हें विजयी बनाए।वहीं पर चिराग पासवान ने दहाड़ते हुए कहा कि केंद्र की सरकार को मजबूती प्रदान करने के लिए इस बार 400 का आंकड़ा भी पार कर जाएगा। पुनः भाई नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। सभा स्थल पर प्रखंड अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता सहित सभी पंचायत के प्रतिनिधि शामिल थे। भीड़ को देखकर के जीतराम माझी गदगद हुए ।कार्यकर्ताओं उन्हें फूलों माला से लाद दिया। नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, नीतीश कुमार जिंदाबाद, जय श्री राम,वन्देमातरम के गण बेदी नारे लगाए गए। सभा स्थल पर पुलिस की तगड़ी व्यवस्था थी। पुलिस प्रशासन के लोग मुस्तैद नज़र आए।

## मशरक के मदारपुर नोनिया टोली में भीषण आग लगने से दो दर्जन घर जले

लोकतंत्र की आवाज

मशरक/सारण। मशरक प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मदारपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम मदारपुर नोनिया टोली में अचानक भीषण आग लगने से करीब तीन दर्जन घर जल कर राख हो गया है ।यह घटना 22 जुलाई की समय 2:30 बजे दिन के आसपास की है। आग लगने पर स्थानीय लोगों के द्वारा मशरक थाना को सूचित किया गया, लेकिन फायर बी ग्रेड गाड़ी पहुंचते पहुंचते आग की तेज लपटों ने दो दर्जन घरों को जलाकर राख कर दिया। आग लगी में 10 बेढी,एक बकरी तीन बकरी का बच्चा,दो साईकिल,एक मोटर साईकिल, कपड़ा,20 क्विंटल गेहूं, कुलर,घर में रखे हुए कुछ पैसे जलकर राख हो गया है ।आग के कारण दो लोग जलने से घायल हो गए हैं ।घायल का नाम सविता देवी पति दिलीप महतो,सुमन कुंअर पति स्व बेचूं महतो है जिनका इलाज मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है ।आग लगी से पीड़ित परिवार का नाम शत्रुघ्न महतो,भरत महतो, लक्ष्मण महतो,गौरव महतो, प्रेमचंद महतो, आशीष महतो, दीपक महतो, भभिखन ठाकुर,बहारन महतो, बिरेंद्र महतो, धमेंद्र महतो, योगेन्द्र महतो, सुनील महतो, लालाबाबू शर्मा, विश्वकर्मा शर्मा,बिगन महतो, लाल दास महतो,शितहल शर्मा, योगेन्द्र शर्मा,अजय महतो,मेहीलाल शर्मा, हाकिम शर्मा,ललन महतो, नागेन्द्र महतो, देवी लाल साह है। स्थानीय लोगों के द्वारा आग लगी की घटना बिजली के शॉर्ट सर्किट से बताया जा रहा है। इस सम्बन्ध में ग्रामीण मुन्ना कुमार सिंह ने बताया कि घटना के सूचना पर मशरक सीओ सुमंत कुमार पहुंच कर पीड़ित परिवार को सरकारी मुआवजा के लिए भरोसा दिया गया है।



## बरहरवा : एसडीपीओ बरहरवा ने किया चेक नाका का आवश्यक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज




बरहरवा। सीमावर्ती क्षेत्रों में विधि व्यवस्था का जायजा लेने को लेकर मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरहरवा मंगल सिंह ने थाना क्षेत्र के बंगाल की सीमा से लगते चेक नाका का आऔचक निरीक्षण कियोनिरीक्षण के क्रम में एसीडीपीओ श्री सिंह ने फुटानी मोड़ तथा बरारी गांव के पास लोकसभा चुनाव को लेकर लगाए गए बैरियर एवं चेक नाका पर तैनात पुलिस पदाधिकारी तथा दंडाधिकारी से मिलकर उन्होंने निरंतर वहां पर वाहनों की चेकिंग किए जाने तथा आपराधिक गतिविधि पर नजर बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कई बिंदुओं पर जानकारी भी लिया उन्होंने बताया कि दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की यह जिम्मेवारी है कि वह हर हाल में इलाके में विधि व्यवस्था बनाए रखे तथा निरंतर बंगाल की ओर से आने जाने वाले वाहनों की नियमित रूप से चेकिंग करेंइसके अलावे उन्होंने और भी कई बिंदुओं पर अफसर से वार्तालाप कियोमालूम हो कि फुटानी मोड़ स्थित चेक नाका पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बलों की अतिरिक्त संख्या भी बढा दी गई है ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### केसरियाः नाला में डुबकर एक वर्ष की बच्ची की हुई मौत

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी। शनिवार की शाम को केसरिया थाना क्षेत्र के कढ़ान गांव में एक वर्षीय बच्ची की खेलने के दौरान घर के पास ही बनें गढ़े नुमा नाला में डुबने से मौत हो गई। मृतक एक वर्षीय लड़की की पहचान वार्ड नं 7 निवासी अजय नट की पुत्री शिवानी कुमारी के रुप में हुई है। उधर घटना के बाद पुलिस पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में बताया गया है कि घर के बगल में बच्ची खेल रही थी। पास में ही गढ़ा नाला का था जिसमें वो खेलने के दौरान डुब गई। वही इस घटना के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई।

### मानवाधिकार हेल्पलाइन के अनुमंडल सचिव बने कन्हैया नायक न्याय से वंचित लोगों के समस्या का समाजिक स्तर से निदान करने का प्रदेश अध्यक्ष ने दिया निर्देश




मुरारी झा
दरभंगा। मानवाधिकार इमरजेंसी सोशल हेल्पलाइन के प्रदेश कार्यालय में संस्था का विस्तार करते हुए दरभंगा जिला जाले प्रखंड अंतर्गत निवासी कन्हैया नायक को अनुमण्डल सचिव ( सामाजिक सुरक्षा ) सदर पद पर प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने मनोनीत किया नवनियुक्त अनुमंडल सचिव को मानवाधिकार के विभिन्न पहलुओं की शपथ दिलाई साथ ही संविधान के अंतर्गत दिए गए अनुच्छेद के तहत मानव हित में कार्य करने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष श्री कुमार ने दिया प्रदेश अध्यक्ष ने बताया जानकारी के अभाव में लोग अपने आधिकार से वंचित रह जाते हैं इसको देखते हुए टीम का विस्तार किया जा रहा है ताकि जन जन की समस्याओं से मानवाधिकार पदाधिकारी अवगत हो पहले सामाजिक स्तर से मामला का निपटारा किया जा सके नवनियुक्त अनुमंडल सचिव के आने से क्षेत्र के शोषित पीड़ित लोगों को काफी फायदा पहुंचेगा टीम पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए हमेशा तत्पर है इस मौके टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे।

### किरतपुर एवं घनश्यामपुर प्रखंड में आगामी लोकसभा को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओ एवं जीविका कर्मियोंओ के द्वारा गांव गाँव में सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान निकाला गया




घनश्यामपुर । किरतपुर प्रखंड के रसियारी पौनी पंचायतों में सेविकाओं ने हाथ में असलोकन का लोगो लेकर जिसमे लिखा था पहले मतदान फिर जलपान . सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो . भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाताओं तुम्हें बुलाने को 13 मई को भूल न जाना वोट डालने आने को. लोगों के साथ–साथ मतदाताओं को सेविकाओं एवं जीविका कर्मीओं के द्वारा वोट डालने हेतु प्रेरित किया गया। मौके पर आंगनवाड़ी प्रवेक्षिका नेहा कुमारी एवम पंचायत के सभी आगनवाड़ी सेविका और जीविका मौजूद थे।

# पूर्वी चंपारण एवं शिवहर लोकसभा निर्वाचन के लिए 29.4.2024 को जारी होगी अधिसूचना

**नाम निर्देशन की प्रक्रिया 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रारंभ हो जाएगी जो 6 मई 2024 (सोमवार) तक चलेगी**

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**
**मोतिहारी।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर छठे चरण में पूर्वी चंपारण एवं शिवहर लोकसभा के लिए 29 अप्रैल को जारी अधिसूचना के साथ नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। पूर्वी चंपारण लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण तथा शिवहर लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण हैं। पूर्वी चंपारण के नामांकन अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण के कार्यालय पोस्ट में तथा शिवहर लोकसभा के लिए नामांकन जिलाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में लिया जाएगा। नाम निर्देशन की प्रक्रिया 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रारंभ हो जाएगी जो 6 मई 2024 (सोमवार) तक चलेगी। सार्वजनिक अवकाश के दिन नाम निर्देशन का कार्य स्थगित रहेगा। 07 मई 2024 को स्क्रुटनी की तिथि निर्धारित है जबकि अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 9 मई 2024 (गुरुवार) निर्धारित है। आज डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन में जिलाधिकारी की उपस्थिति में नाम निर्देशन कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नामांकन निर्धारित तिथियों को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक लिया जाएगा। नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को निर्धारित कक्ष में अपराह्न 3:00 बजे तक पहुंच जाने वाले सभी व्यक्ति का नामांकन प्राप्त किया जाएगा। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनैतिक दल के उम्मीदवार को एक प्रस्तावक, गैर मान्यता प्राप्त किंतु पंजीकृत राजनैतिक दल के उम्मीदवार को 10 प्रस्तावक तथा निर्दलीय उम्मीदवार को 10 प्रस्तावक होने चाहिए। नामांकन के समय निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में केवल तीन वाहनों को जाने की अनुमति रहेगी तथा अधिकतम पांच व्यक्ति ही निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में जाएंगे। अभ्यर्थी या उनके प्रस्तावक अधिकतम चार एवं न्यूनतम एक सेट में नामांकन दाखिल कर सकते हैं। प्रथम नामांकन पत्र के साथ जमा राशि का नाजीर रसीद/ चालान की मूल प्रति संलग्न होना जरूरी है। सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी ?25000 एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी के लिए जमा राशि 12500 रुपए निर्धारित है। अभ्यर्थी को आदर्श आचार संहिता से संबंधित आयोग के अद्यतन निर्देश की प्रति देनी होगी।अभ्यर्थी की उम्र स्क्रुटनी की तिथि को 25 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए वही व्यक्ति नामांकन कर सकेगा। अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि को 3:00 बजे अपराह्न तक नाम वापसी ली जा सकती है। उसके बाद निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों की सूची नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित की जाएगी एवं सभी को प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान सभी तरह के प्रपत्रों की जांच करने एवं निर्धारित शेड्यूल का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण, अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण, नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर एवं अन्य पदाधिकारी तथा कर्मीगण उपस्थित थे।

## माधोपुर मुखिया द्वारा अनोखे तरीका से मनाया गया पोते का 9वा जन्मदिन



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा /** प्रखंड के माधोपुर पंचायत मुखिया मंजुला मिश्रा द्वारा रविवार 21 अप्रैल को अपने बड़े पुत्र रानू मिश्रा के लड़का यानी अपने पोता आयुष्मान कुमार का 9वा जन्मदिन बहुत ही अनोखे ढंग से धूमधाम से मनाया गया। मौके पर पंचायत व क्षेत्र के गणमान्य लोग उनके पोते को बधाई देने के लिए उपस्थित हुए थे। जिसमें सेवानिवृत्ति बीडीओ एमडी रईसुद्दीन खान, माधोपुर पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि मेराज खान, बेलवा मुखिया मंजीत तारापुरिया, समाजसेवी सदरुल खान, नजीर अहमद, मुस्ताक खान, ओम कुमार, वार्ड सदस्य बलिराम शर्मा, शिक्षक अखिलेश शर्मा, अमर बैठा इत्यादि ने आयुष्मान कुमार को केक काटने के उपरांत लोगों ने ताली बजाकर हैप्पी बर्थडे कहते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं भेट की। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य एवं लंबी आयु की कामना की। इस उपलक्ष में मुखिया द्वारा सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों के लिए भोजन का उत्तम प्रबंध किया गया। हर्ष के इस शुभ क्षण में आयुष्मान के दादा राजन मिश्रा, पिता रानू मिश्रा चाचा राजा मिश्रा के साथ–साथ माता श्री व उनके चाची आयुष्मान को केक खिलाते हुए स्नेह भरे शुभ आशीर्वाद दिए।

## प्रेमी प्रेमिका फरार, तो प्रेमिका के घर वालों ने प्रेमी के परिजन को किया मारकर जख्मी



लोकतंत्र की आवाज

**बगहा।** भैरोगंज थाना क्षेत्र के सिरौना गांव में प्रेम प्रसंग को लेकर लड़की पक्ष वालो ने स्थानीय थाना को लिखित आवदेन देकर करवाई की मांग किया तो दुसरी ओर घर वापस लौटने के बाद लड़के पक्ष के घरपर् लड़की पक्ष वालो ने चढ़ाई कर लड़के के पिता और चाचा की रस्सी से बांधकर लाठी डंडे से बेरहमी से की पिटाई कर दी। स्थानीय लोग देखते ही रहे गए। लेकिन किसी के पास हिम्मत नहीं की इन्हें छुड़ाने जा सके। बीते मार्च महीने में प्रेमी शत्रुधन कुमार प्रेमिका गुड़िया कुमारी घर से भागे हुए थे। जिसको प्रेमी शत्रुधन कुमार के परिजनो ने नौतन थाना के द्वारा लिखित कागजात के साथ दोनो के परिजनो को हवाले किया गया। जिसके बाद भी प्रेमिका यह सब होने के बाद भी पता नहीं की कहा भागी थी। जिसको फिर से प्रेमी के परिजनो ने ढूंढ कर हवाले किया था। वही फिर से भागी है। उसी को लेकर प्रेमिका गुड़िया कुमारी के परिजनो ने प्रेमी के परिजनो को बांध कर बेरहमी पिटाई से किया है। जहा भैरोगंज थाना द्वारा दोनो को झगड़ा छुड़ाकर मुक्त कराया गया। जख्मी हालत में दोनो व्यक्ति का ईलाज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराकर बेहतर ईलाज किया जा रहा है।

## गौनाहा प्रखंड अलग–अलग गांव में लगी आग, कई घर सहित लाखों की संपत्ति जलकर राख

लोकतंत्र की आवाज



**गौनाहा /** सोमवार दोपहर प्रखंड के अलग–अलग थाना क्षेत्र में लगी अचानक आग से लगभग आधा दर्जन घर सहित लाखों का समान जलकर नष्ट हो गया है। प्राप्त सुचना अनुसार मटियरिया पंचायत के वार्ड नंबर 7 सिरसिया गांव में दोपहर लगी अचानक आग से नेसार अंसारी पिता अमीन अंसारी के घर जलकर राख हो गया है। अग्नि पीड़ित परिवार के कथनानुसार घर में रखे 35000 हजार रुपए नगद, कपड़ा, फर्नीचर, गहना, बिस्तर सहित अनाज व बर्तन सब जल गया है। स्थानीय मुखिया दिवाकर पटवारी ने इस घटना के पुष्टि करते हुए बताया कि ग्रामीणों के सहयोग एवं मटियरिया थाना अग्निशमन दस्ता के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया जिससे गांव के बाकी का घर जलने से बच पाया। वही आग के चपेट में आने से नेसार अंसारी के घर सब कुछ जलकर राख हो गया है। वही गौनाहा थाना क्षेत्र के लछनौता गांव वार्ड नंबर 10 दलित बस्ती में अचानक लगी आग से गंगाराम के तीन बेटे सुनील राम, संदीप राम, रंजीत राम के घर सहित नगदी गहना व अनाज कपड़ा, फर्नीचर जलकर राख हो गया है। वहीं गंगाराम की पत्नी सुनैना देवी की चार बकरी जलकर मर गई है। प्राप्त सुचना अनुसार रामायण राम के घर सहित गेहूं, कपड़ा फर्नीचर व नगद रुपया जल गया है। मुखिया तफरुल हयात ने बताया है कि ग्रामीणों के सहयोग एवं अग्निशमन दस्ता के मदद से आग पर काबू पाया गया जिससे बाकी के घर जलने से बाल बाल बच्चा। इधर सीओ विवेक कुमार सिंह का कहना है कि आग लगने की सूचना मिली है परंतु अग्नि पीड़ित परिवार द्वारा अंचल कार्यालय में कोई आवेदन नहीं दिया गया है। संबंधित राजस्व कर्मचारी को स्थल पर भेजा जाएगा तथा अग्नि पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाई जाएगी।

## चिलचिलाती हुई कड़ाके धुप में प्रखंड मुख्यालय सड़क नाले में तब्दील राहगीरों समेत ग्रामीणों को आवागमन हो जाती है बंधित

लोकतंत्र की आवाज



**बेतिया से ब्यूरो नीरज मिश्रा**
खबर मझौलिया से है जहां चिलचिलाती हुई कड़ाके धुप में सड़को पर रहती है जल जमाव ग्रामीण समेत राहगीर है परेशान वही प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट स्थित पीएचडी विभाग के पाइप के लीक होने के कारण मुख्य सड़क पर पानी बहने से रहती है जल जमाव इसे उत्पन्न होने से आवागमन हो जाती है बंधित स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बाजार समिति स्थित जल मीनार की पाइप प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट के पास फुट गई है। जिससे सड़कों पर जल जमाव से लोग परेशान हैं। लेकिन प्रशासन की उदासीनता से इस की मरम्मती नहीं कराई जा रही है।जिससे बारिश के नहीं होने के बाद भी लोगों को जल जमाव की समस्या से जूझना पड़ रहा है।यह सड़क प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, बाल विकास कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,रेलवे स्टेशन जाने के लिए मुख्य सड़क है। सभी अधिकारियों को कार्यालय में आने–जाने के लिए भी मुख्य सड़क है। जल जमाव के होने से प्रतिदिन 5 हजार से 6 हजार लोग प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण विरेन्द्र साह, सुनिल सिंह, संजय साह, सुजित चौरसिया, नवनित पाण्डेय, मिरोज आलम रहे महाजुद।

## बगहा : 21वीं वाहिनी के प्रांगण में हुआ गया पौधारोपण

लोकतंत्र की आवाज




**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**
प्रकृति अपना स्वरूप बदल रही है। जलवायु में लगातार बदलाव हो रहे हैं। वर्षा में कमी होती जा रही है ।जो भूमंडल पर निवास करने वाले जीवों के लिए ठीक नहीं है ।उक्त बातें नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक ने 21वीं वाहिनी के प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में सभी के सामने कहें ।उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण और वृक्षों की रक्षा ही, हमें बेहतास गर्मी से बचा सकती है। शुद्ध हवा की कमी को पूरा कर सकती है। पौधों वर्षा कराने में सहायक है। नहीं तो जितने भी हम यंत्र बना लेंगे। ये सभी यंत्र किसी काम का नहीं रहेंगे । हमें तड़प –तड़प कर मरना होगा। इसीलिए पौधारोपण के साथ–साथ पौधों का संरक्षण भी जरूरी है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित 21वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री प्रकाश ने कहा कि मेरे वाहिनी का पूरा परिसर तरह–तरह के पेड़ पौधों से भरा है ।फिर भी हम लोगों का प्रयास रहता है कि तरह–तरह के अनोखे व औषधीय पौधों को लगाया जाए। इसीलिए आज विश्व पृथ्वी दिवस का अवसर पर पौधारोपण का यह कार्यक्रम भी हो रहा है। द्वितीय कमान अधिकारी श्री अश्विनी कुमार ने पौधारोपण कार्यक्रम को प्रकृति संरक्षण के लिए बेहद कारगर उपाय बताए।ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण व संरक्षण होने से जलवायु परिवर्तन की गति को कम जा सकता है। तो अभी जो लुह चल रही है। इसमें जो शुष्कता है। आगे क्या हालत होगा। इसी से आप लोग सोचिए ।

**विश्व पृथ्वी दिवस** के अवसर पर नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव निप्पू कुमार पाठक ने कमांडेंट प्रकाश को घोंसला भी घोसला व हजारा निंबू का पौधा समर्पित किया। गौरैया संरक्षण हेतु कमांडेंट श्री प्रकाश सर, के हाथों इंस्पेक्टर बी एन जयसवाल एवं जवान आलोक तिवारी को नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट ने घोंसला प्रदान करवाया। ज्ञात हो कि नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट पक्षियों को सबसे बड़ा पौधा रोपणकर्ता मानता है।इस लिए पक्षी संरक्षण हेतु लगातार घोंसला वितरण कर रहा है।

## मोतिहारीः बोलेरो की टक्कर से बाइक चला रहे पति की मौत व पत्नी जख्मी, शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे दोनों

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत**
**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया थाना क्षेत्र में बाइक और बोलेरो के बीच टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई. हादसे में उनकी पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी. जिसका इलाज चल रहा है. घटना चकिया–केसरिया मुख्य पथ पर राजपुर मोड़ के समीप की है. हादसे के बाद बोलेरो का चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया. पुलिस गाड़ी जब्त कर ड्राइवर की पहचान का प्रयास कर रही है. मृतक की पहचान डुमरियाघाट थाना क्षेत्र के सेमुआपुर गांव के रहने वाले नरेश पटेल के रुप में हुई है. मिली जानकारी के अनुसार नरेश पटेल बाइक से पत्नी पशुपति देवी को लेकर केसरिया थाना क्षेत्र के दरमाहा गांव शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे. इसी दौरान एक बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक चला रहे नरेश पटेल की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं जख्मी महिला की गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने उसे मोतिहारी रेफर कर दिया।

## रोटी बैंक एवं महिला विकास मंच के साथ मिलकर एसएसबी के मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

लोकतंत्र कि आवाज



**मुरारी झा**
**मधुबनी।** जिले के सीमावर्ती क्षेत्र जयनगर में रक्तदान के महत्व एवं स्वस्थ जीवन प्रणाली को लेकर एसएसबी के जबानो युवाओं के साथ मिलकर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन का उद्घाटन करते हुए द्वितीय कमांडेंट हरेंद्र कुमार बसवार ,डिप्टी कमांडेंट राम विशाल एवम संतोष निमोरिया, डा भावेश झा समाजसेवी ने दीप प्रज्वलित करते हुए कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में समय–समय पर एसएसबी के के द्वारा सामाजिक एवं जागरूक अभियान चलाया जाता है ।रोटी बैंक एवं महिला विकास मंच के साथ मिलकर एसएसबी के मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन कर मानवता सेवा का परिचय दिया है।रक्तदान ऐसा दान है जिसका कोई मूल्य नहीं होता है , आपका रक्त दूसरे के शरीर में नई जिंदगी बनकर दौड़ता है। मानवता का सबसे बड़ा दान रक्तदान है। आप अपने शरीर से खून देकर दूसरे की जिंदगी बचाते है, क्योंकि खून को बनाया नही जा सकता है। आपका खून दूसरे को जिंदगी देने के साथ ही उनके शरीर में दौड़ता है। उन्होंने रक्तदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर 3 महीने पर एक स्वस्थ आदमी अपना रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने वाले दाता को शारीरिक रूप से कई फायदे है। सीमावर्ती क्षेत्र में जब भी किसी को रात की जरूरी होती है तो संगठन के माध्यम से उन्हें अविलंब रक्त मुहैया कराया जाता है ।उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र में रक्त दान शिविर की तारीफ करते हुए कहा कि इस छोटे से शहर में निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन अभी के समय में अमृत की तरह है। । इस कार्यक्रम के तहत रक्तदान करें आपका दान जरूरतमंद के शरीर में रक्त बनके दौड़ेगा। रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए, जिससे अन्य लोगों का भला हो सके तथा यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यो में बढ़–चढ़कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ–साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है। इस मुहिम के तहत सीमावर्ती क्षेत्र के लोगो ने जबानो के साथ बढ़ चढ़ कर रक्तदान में भाग लेकर 39 लोगों के द्वारा रक्तदान किया । दाताओं द्वारा दिए गए रक्त को मधुबनी के सरकारी सदर अस्पताल में भेजा जाता है। जहां से सभी रक्तदाताओं को डोनर को ऑनलाइन कार्ड जारी किया जाता है। जिसकी जरूरी कभी भी हो तो बिहार के किसी भी सरकारी ब्लड बैंक से 6 महीने के अंदर वह रक्त लेकर किसी जरूरतमंद की सेवा कर सकते हैं। इस मौके चंबल के महासचिव अनिल बैरोलिया, सचिव पवन पवन यादव, समाजसेवी अरुण जैन, दीपशिखा सिंह, चंद्रवीर सिंह सहित रोटी बैंक की टीम, महिला विकास मंच की टीम सहित गणमान्य व्यक्तियों ने रक्तदान किया।

# लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर नामांकन, डिस्पैच, विधि व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को लेकर डीएम एवं एसपी ने की बैठक

लोकतंत्र की आवाज

**शकील हैदर ब्यूरो**
**सारण, छपरा।** लोकसभा आम चुनाव की प्रक्रिया के तहत विभिन्न निर्धारित महत्वपूर्ण अवसरों पर सामान्य विधि व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर आज जिलाधिकारी श्री अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० गौरव मंगला ने आज विभिन्न संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक किया।

बताया गया कि जिला में बेहतर यातायात व्यवस्था के उद्देश्य से दो दिन पूर्व भारी वाहनों के परिचालन का रूट एवं समय को रेगुलेट करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में सभी अनुमंडल पदाधिकारी , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी , थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को इसका अनुपालन कराने हेतु महत्वपूर्ण दिशा निदेश दिये गए हैं। सभी संबंधित पदाधिकारियों को फिलहाल 7 दिनों के लिये लिये गये इस प्रायोगिक निर्णय को प्रभावी बनाने का निदेश दिया गया।

सीसीए के तहत पारित आदेश के आलोक में जिस भी व्यक्ति द्वारा संबंधित थाने में निर्धारित तिथि को अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जायेगी, उनके विरुद्ध समाहर्त्ता द्वारा वारंट निर्गत किया जायेगा। जिन शस्त्र अनुज्ञप्ति धारकों द्वारा अपने शस्त्रों का सत्यापन अभी तक नहीं कराया गया है, उनकी नाम-पता सहित सूची उपलब्ध कराने का निदेश सभी थाना प्रभारी को



दिया गया। इन लोगों के शस्त्र लाइसेंस को नियमानुसार रद्द/निलंबित करने की कार्रवाई की जायेगी। शस्त्र दुकानों के भौतिक सत्यापन के क्रम में उनसे अनुज्ञप्ति धारकों को बेचे गए कारतूस की जानकारी ली जा रही है। जिसका सत्यापन सभी संबंधित क्रेताओं से किया जा रहा है। सत्यापन में कोई भी भिन्नता पाये जाने पर ऐसे शस्त्रों को नियमानुसार जमा कराने/जप्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

नामांकन हेतु सारण एवं महाराजगंज के लिये निर्धारित तिथियों एवं अवधि में समाहरणालय परिसर के दोनों तरफ थाना चौक एवं म्युनिसिपल चौक के बीच सामान्य यातायात अवरुद्ध रहेगा। नामांकन हेतु आने वाले प्रत्याशी दोनों चौक से आगे समाहरणालय के प्रवेश द्वार तक अधिकतम 3 वाहन के साथ आ सकते हैं। समाहरणालय के प्रवेश द्वार से पैदल निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष तक जायेंगे। निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष में प्रत्याशी सहित अधिकतम 5 व्यक्ति प्रवेश कर सकेंगे। प्रत्याशी या उनके साथ आने वाले विशिष्ट व्यक्ति को दी गई निर्धारित श्रेणी की सुरक्षा के तहत अनुमान्य सुरक्षा पदाधिकारी/कर्मी उनके साथ समाहरणालय परिसर में प्रवेश कर सकेंगे।

नामांकन के अवसर पर प्रभावी की जाने वाली व्यवस्था को लेकर बैरिकेडिंग एवं ड्रॉप गेट को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सारण लोकसभा के लिये 26 अप्रैल से 3 मई की अवधि में 27अप्रैल, 28 अप्रैल एवं 1 मई को छोड़कर शेष दिन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। महाराजगंज लोकसभा के लिये 29 अप्रैल से 6 मई की अवधि में 1 एवं 5 मई को छोड़कर शेष तिथियों को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। ईवीएम एवं कर्मियों के डिस्पैच के अवसर पर भी विधि व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निदेश दिया गया। बैठक में नगर आयुक्त, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी आदि जुड़े थे।

# बेतिया पुलिस की लापरवाही पुलिस हिरासत में महिला ने की खुदकुशी, उठ रहे सवाल



लोकतंत्र की आवाज

**क्षितिज राज**
**पश्चिमी चंपारण।** बेतिया में महिला ने पुलिस अभिरक्षा में सुसाइड कर लिया है। महिला का शव पुलिस बैरक के पंखे से लटका हुआ मिला। दरअसल, पुलिस ने महिला को 'दहेज हत्या' के आरोप में पकड़ा गया था। लेकिन पुलिस ने उसे हाजत में बंद न करके बैरक में रख दिया। महिला ने बैरक में खुद को अंदर से बंद कर लिया और जब तक दरवाजा को तोड़कर अंदर दाखिल होते तब तक वह फंदे पर लटक चुकी थी।

अस्पताल ले जाते-जाते उसकी सांसें उखड़ चुकी थी। अस्पताल के प्रभारी ने बताया कि महिला की मौत अस्पताल आने से पहले ही हो चुकी थी। इस मामले में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। महिला को हाजत की जगह बैरक में रखा गया था। इस केस में पुलिस अधीक्षक

- पुलिस ने महिला को 'दहेज हत्या' के आरोप में पकड़ा गया था

अमरकेश डी का भी बयान आया है। उन्होंने महिला के मौत की पुष्टि की और बताया कि महिला की तबीयत खरबा ही थी इसलिए उसे बैरक में रखा गया था। जहां उसने खुदकुशी कर लिया।

पुलिस अभिरक्षा में महिला की खुदकुशी मामले में बेतिया के शिकारपुर थाने की पुलिस घिरती नजर आ रही है। महिला की मौत से सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि पुलिस अधीक्षक ने महिला की तबीयत खराब होने पर बैरक में लाने की बात कही गई है। अब देखना ये है कि पुलिस इस मामले में किसे दोषी मानकर कार्रवाई करती है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### निर्विरोध उप मुखिया चुने गए बजरंगी मंडल



लोकतंत्र की आवाज
**केदार नाथ पाण्डेय, पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के ओलापुर पंचायत में आज उप मुखिया का चुनाव हुआ ।जिसमें बजरंगी कुमार मंडल को निर्विरोध उप मुखिया चुना गया। इसमें 12 वार्ड सदस्य सहित स्थानीय मुखिया गुल सागर रजक,सहित अनेकों वार्ड सदस्य निरंजन कुमार यादव ,नितेश राय , बाबूलाल यादव, अनंत कुमार मंडल सहित कई वार्ड सदस्य उपस्थित थे। उपस्थित वार्ड सदस्य में आशा व्यक्त किया कि बजरंगी मंडल के नेतृत्व में पंचायत का समुचित विकास होगा।

### रजौली में बिजली की आंख मिचौली से बिजली उपभोक्ता परेशान

लोकतंत्र की आवाज
**राजेश कुमार सिन्हा, रजौली।** मुख्यालय क्षेत्र में गर्मी की शुरुआत हुई और अघोषित बिजली की कटौती से आम लोग से लेकर खास लोग भी परेशान हैं। बिजली विभाग के सारे फोन यहां तक कि जिन अधिकारियों को सरकारी नंबर उपलब्ध कराई गई है, वे भी फोन नहीं उठा रहे हैं। जिससे बिजली कटौती का स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाता है। वही क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता छोटन सिंह, बब्लू पंडित,मनीष कुमार सोनी,दिलीप कुमार, रविनंदन सिंह, सुबोध कुमार सहित दर्जनों लोगो ने बताया कि आए दिन आठ से दस घंटों तक की बिजली कटौती की जा रही है ।इस कटौती के कारण छोटे छोटे बच्चे ज्यादा परेशान हो जाते है। वही उषा देवी ने बताया कि बिजली कटौती के कारण सारा समय या तो घर के बाहर बैठकर गुजारना पड़ता है या फिर किसी बड़े पेड़ की छांव में । उपभोक्ताओं ने कहा कि जब भी बिजली विभाग के फोन नंबर पर फोन लगाते हैं तो बात नहीं होती है। जबकि अधिकारियों को सरकारी सिम दी गई है ।सरकार के द्वारा 24 घंटे बिजली प्रदान करने की बात कही जा रही हैं। इधर बिजली विभाग के द्वारा प्रतिदिन किसी न किसी बहाने के 10 घंटा बिजली की कटौती की जा रही है ।बिजली काटौती के कारण दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं ।मेंटेनेंस के नाम पर कई घंटे बिजली गुल रह रही है ।बिजली मेंटनेंस अभी किया जा रहा है। लोक सभा चुनाव के बाद अब विधान सभा आने वाले है। बिजली विभाग तेजी से मेंटेनेंस में लगा है। इसके चलते रोज अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली सप्लाई कई घंटे गुल रहती है। इस संबंध में बिजली विभाग के सहायक अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि वैसे तो निर्धारित शेड्यूल के आधार पर बिजली बंद की जाती है। लेकिन कभी कभार 33 हजार केवी में डिफाल्ट आने के बाद बिजली को बंद किया जाता है। ऐसा नहीं है कि बिजली ज्यादा देर बंद होती है।

### सरकारी सड़क को बांस बल्ला से अतिक्रमण विवाद में मारपीट , आर्म्स एक्ट में प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
**मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के नेहरू टोला गांव में सरकारी पीसीसी सड़क को बास बल्ला लगाकर अतिक्रमण कर आवागमन रोकने के विवाद में मारपीट और देशी कट्टा से फायरिंग करने के मामले में थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट में प्राथमिकी कांड संख्या 231/24 दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दर्ज प्राथमिकी में नेहरू टोला गांव निवासी राजा बाबू पिता रामेश्वर ओझा ने बताया कि पड़ोसी बसंत कुमार ओझा समेत अन्य ने घर के आगे पीसीसी सीमेंट की सड़क को बास बल्ला गाड़ घेराबंदी कर अतिक्रमण किया जा रहा था उसी का विरोध करने पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की जानें लगीं उसी दौरान चाकू से हमला भी किया गया। इसी बीच उसके चाचा नवल किशोर ओझा आए और बीच बचाव करने लगें तो देशी कट्टा निकाल कर हवाई फायरिंग की गयी। वहीं बास बल्ले से मारपीट की गयी जिसमें उनके चाचा प्रभुनाथ ओझा और नवल किशोर ओझा घायल हो गए।

### पेड़ काटने के विवाद को लेकर मारपीट में 7 घायल, 2 रेफर



लोकतंत्र की आवाज
मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के दक्षिण टोला गाँव में सोमवार को पेड़ काटने को विवाद में जमकर मारपीट में 7 शख्स घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों की पहचान दक्षिण टोला गांव निवासी 75 वर्षीय मैनेजर सहनी, 21 वर्षीय अभिषेक कुमार, 18 वर्षीय अभिनाश कुमार तथा दूसरे पक्ष से 15 वर्षीय लंकेश्वर सहनी, 37 वर्षीय रंजीत सहनी, 49 वर्षीय रामेश्वर सहनी, 25 वर्षीय अखिलेश कुमार सहनी के रुप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर अभिषेक सहनी और मैनेजर सहनी को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## पुल से कूद कर युवक ने की आत्महत्या!

लोकतंत्र की आवाज
**रौशन सिंह, विभूतिपुर।** प्रखंड के सालखंनी गांव का एक युवक रविवार की देर शाम गांव के ही पल पर से कूद कर आत्महत्या कर लिया! पुल से कूदते देख राहगीरों ने स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दिया! जब तक स्थानीय लोगों को इसकी सूचना मिली मिलते ही काफी खोजबीन करना शुरू कर दिया! परंतु शव का पता नहीं चल पाया! सोमवार को फिर स्थानीय लोगों के द्वारा खोजबीन प्रारंभ किया गया तो साल्खन्नी घाट के पास एक युवक का उपलाता हुआ शव नजर आया! लोगों ने उसे दिखा तो उसकी पहचान गांव के ही कैलाश दास 40 वर्ष के रूप में हुई! उसे बाहर निकाला तथा इसकी सूचना परिजन एवं पुलिस को दी गई! पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है! वहीं घटना के कर्म का पता नहीं चल पाया है!

# वर्ल्ड कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गुरुग्राम में मेगा जॉब फेयर-2024 में 2600 को नौकरी के लिए किया शार्टलिस्ट

लोक तंत्र की आवाज़

**गुरुग्राम।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके वर्ल्ड कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फरुखनगर, गुरुग्राम के प्रांगण में मेगा जॉब फेयर-2024 का आयोजन में 71 कंपनियों ने भाग लिया।

वर्ल्ड कॉलेज के रजिस्ट्रार युद्धवीर सिंह लांबा ने जानकारी देते हुए बताया कि मेगा जॉब फेयर-2024 में युवाओं ने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । करीब 4160 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया, जिसमें से 2600 अभ्यर्थियों को विभिन्न सेक्टर की कंपनियों द्वारा शार्टलिस्ट किया गया । मेगा जॉब फेयर में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित मल्टी नेशनल कम्पनियों जैसे योकोहामा, कृष्णा मारुति, कपारो मारुति, मुंजाल शोवा लिमिटेड,







जे.बी.एम, ऐक्सिस बैंक, टैलब्रोस इंजीनियरिंग लिमिटेड, अल्फ़ा ऑटो, ईआरडी टेक्नोलॉजीज, पॉलिसी बाज़ार, माइक्रो प्रीसेशन प्रा. लिमिटेड, ड्रीमवेसल टेक्नोलॉजी, क्रिएटिव हाई टेक, इंस्पायर इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड, निफ्को, अल्फ़ा ऑटो, मिडास कंसल्टिंग, चेतु, एक्सिओम कंसल्टिंग, एस्टुग्लोबल टेक, ऐप्ज़ ग्लोबल टेक प्राइवेट लिमिटेड, साइबरक्योर टेक्नोलॉजी, अर्बन मनी, सुप्रजित इंजीनियरिंग लिमिटेड आदि ने भाग लिया। मेगा जॉब फेयर में दिल्ली, नोएडा, गाज़ियाबाद, गुरुग्राम, फ़रीदाबाद, झज्जर, रेवाड़ी, सोनीपत, चंडीगढ़, पंजाब, बिहार, हिमाचल व यूपी से विधार्थियों ने भाग लिया ।

मेगा जॉब फेयर में कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में, मैकेनिकल के क्षेत्र में, फाइनेंस के क्षेत्र में, रियल एस्टेट के क्षेत्र में, एचआर के क्षेत्र में और बैंकिंग के क्षेत्र में कई प्रतिष्ठित कंपनियां ने बी.टेक (सभी ब्रांच), बी.सी.ए, बी.बी.ए, एम. टेक, एमसीए, एमबीए और पॉलिटेक्निक के छात्रों को शार्टलिस्ट किया । वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री कुंवर निशांत सिंह ने कहा कि हमारी कोशिश रहती है कि यहां से पास होने वाले सभी विधार्थियों को अच्छे पैकेज से प्रतिष्ठित कम्पनियों में प्लेसमेंट मिले । हम इस तरह के मेगा जॉब फेयर का आयोजन करवाते है जिसमे बहुत से विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो चुका है । मैनेजिंग ट्रस्टी श्री कुंवर निशांत सिंह ने श्रद्धा चौत्रृषिया, असिस्टेंट डाइरेक्टर, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट को मेगा जॉब फेयर-2024 के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए बधाई दी ।

इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार डागर (प्राचार्य), डॉ. हिमानी अवस्थी, विभागाध्यक्ष (बिज़नेस एडमिंस्ट्रेशन), डॉ. क्षमता चुघ, विभागाध्यक्ष (एप्लाइड साइंस एंड हूमॉंटिएस), मोनिका सैनी, विभागाध्यक्ष (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), अंकित सेठी, विभागाध्यक्ष (सिविल इंजीनियरिंग), रणजीत सिंह विभागाध्यक्ष (मैकेनिकल इंजीनियरिंग ) आदि उपस्थित थे।

# विभूतिपुर थाना क्षेत्र के पतेलिया में रविवार की देर शाम खाना बनाने के दौरान लगी आग

लोकतंत्र की आवाज

**रौशन सिंह**
**विभूतिपुर।** थाना क्षेत्र के पतेलिया मैं रविवार की देर शाम खाना बनाने के दौरान अचानक आग लग गई जिसमें 80 वर्षीय वृद्ध बहोरनी देवी की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल समस्तीपुर में हो गया है !

घटना के संबंध में जानकारी मिली है कि मृत बहोरानी देवी के पास एक पुत्र और एक पुत्री है! पुत्र और पुत्री सभी इनसे अलग-अलग रहती है! मिर्च महिला अकेले घर में रहती थी! काफी उम्र होने की वजह से चल फिर नहीं पा रही थी! इसके बावजूद भी वह किसी तरह अपना गुजर बसर कर रही थी! उसकी पुत्री देखभाल करती थी! इसी

- जख्मी वृद्ध बहोरनी देवी की मौत इलाज के दौरान सदर अस्पताल समस्तीपुर में हो गया

क्रम में वह रविवार को खाना बनाने के लिए गई!

अचानक घर में जल रहे दिल्ली गिर गए और जिससे महिला के शरीर में आग लग गया! अत्यधिक वृद्धि होने के कारण हल्ला भी नहीं कर पाई! वहां स्थानीय लोग जब तक वहां पहुंचे और आग पर काबू पाया तब तक में महिला पूर्ण रूप से जल चुकी थी! स्थानीय लोगों के द्वारा पीएचसी विभूतिपुर में भर्ती कराया गया! जहां से डॉक्टर ने उसे सदर अस्पताल समस्तीपुर बेहतर इलाज के लिए भेज दिया! जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई! इसकी सूचना जैसे ही गांव में पहुंची कि स्थानीय मुखिया सरपंच सहित अन्य बुद्धि जीवियों के द्वारा सदर अस्पताल समस्तीपुर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु पुलिस को सूचना दी गई! पुलिस कार्रवाई शुरू कर शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया!

मृत महिला का पुत्र बाहर रहकर जीव को पार्जन हेतु मजदूरी करता है! एक पुत्री थी जिसकी शादीशुदा होने के बाद भी किसी कारण बस परिवार वालों से अलग रहकर अपने माता के साथ ही रहती थी! गांव में ही मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करती थी!

# संस्थागत प्रसव कराने में निजी अस्पतालों जैसी व्यवस्था के कारण दिघवारा सीएचसी पहली पसंदः रीता देवी

लोकतंत्र की आवाज



**छपरा/दिघवारा (ई के के सिंह सेंगर/मनींद्र नाथ सिंह मुन्ना)।** मातृ मृत्यु व नवजात मृत्यु दर के मामलों में कमी लाने के लिए सारण जिले के दिघवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मियों द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा हैं। क्योंकि प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं की पहचान, प्रसव पूर्व चार एएनसी जांच व संस्थागत प्रसव बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार की आवश्यक इंतजाम हैं। जिसको लेकर संस्थागत प्रसव से संबंधित मामलों में अपेक्षित सुधार देखा जा रहा है। स्थानीय प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रौशन कुमार ने कहा कि 10 पंचायत और एक नगर पंचायत वाला दिघवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गड़खा और दरियापुर के सीमावर्ती इलाकों से कुछ मरीज़ अपना उचित परामर्श या उपचार कराने के लिए आते हैं। लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल छपरा या पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया जाता है।

**संस्थागत प्रसव कराने में निजी अस्पतालों जैसा व्यवहार और व्यवस्था के कारण ही दिघवारा सीएचसी पहली पसंदः रीता देवीः** दिघवारा प्रखंड के बसंतपुर बालू घाट निवासी रीता देवी ने अपनी बड़ी पुत्रवधु रूपा रंजन के साथ छोटे पुत्र शैलेश कुमार की पत्नी अनु कुमारी को संस्थागत प्रसव कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य आई हुई थी तो बताया गया कि हम लोगों के द्वारा इसके पहले घर के अलावा कई अन्य महिलाओं का प्रसव कराया जा चुका है। जिस कारण हमलोग निजी अस्पतालों में जाने से बेहतर सरकारी अस्पताल का चयन करते हैं। क्योंकि यहां के चिकित्सक और कर्मियों का व्यवहार घर जैसा होने के साथ ही हर तरह की सुख सुविधाएं उपलब्ध कराया जाता है।हालांकि पहले तो इतनी सुविधाएं उपलब्ध नही थी लेकिन इसके बावजूद यहां की व्यवस्था को देखने से ऐसा कभी नहीं लगा की कोई कमी है। लेकिन सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम और प्रशिक्षण के बाद बहुत ज्यादा बदलाव आया है।

- जिला स्तरीय पदाधिकारियों व संबंधित अस्पताल के एमओआईसी द्वारा संयुक्त प्रयास सराहनीयः सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि जिला सहित अन्य सभी स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए डीपीएम अरविंद कुमार और जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी (डीसीक्यूए) रमेश चंद्र कुमार सहित संबंधित स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारियों के संयुक्त रूप से बेहतर रणनीति व सामूहिक प्रयास कारगर साबित हो रहा है। क्योंकि दिघवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिघवारा को पहली बार कायाकल्प पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। लेकिन अब राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्वास) को लेकर तैयारी शुरू की गई है। ताकि इससे भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराया जा सके। हालांकि समुदाय स्तर पर कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं से लेकर प्रसव कक्ष में प्रतिनियुक्त कर्मियों के क्षमता संवर्द्धन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इतना ही नहीं प्रथम तिमाही के दौरान गर्भवती महिलाओं की पहचान को लेकर भी युद्धस्तर पर प्रयास किया जाता हैं।

**चतुर्थ एएनसी के अनुपात में शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करना पहला लक्ष्यः एमओआईसी :** सीएचसी दिघवारा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रौशन कुमार ने बताया कि संस्थागत प्रसव में एएनसी जांच को प्रमुखता दिया जाता है। जिस कारण काफी बदलाव होने के साथ ही जिला स्तरीय लक्ष्य को प्रखंड व प्रखंड स्तरीय लक्ष्य को वीएचएसएनडी सत्र के मुताबिक बांटा जाता है। हालांकि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए चतुर्थ एएनसी के अनुपात में संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रसव संबंधी सुविधाओं को भी पहले की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही विस्तारित किया गया है। पूर्व में जहां प्रत्येक वर्ष दो हजार से कम प्रसव होता था लेकिन अब यह आंकड़ा पार कर गया है।

**सीएचसी दिघवारा में विगत वर्ष 2133 यानी प्रत्येक दिन लगभग 6 महिलाओं का कराया गया संस्थागत प्रसवः बीएचएम :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिघवारा की प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीएचएम) ऋचा कुमारी ने बताया कि स्थानीय अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं सहित अन्य मरीजों को विभागीय स्तर पर मिलने वाली सुख सुविधाओं का हर संभव ख्याल रखा जाता है। ताकि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नही करना पड़े। विगत 2021- 22 के (01 अप्रैल से 31 मार्च) तक 1852 गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव कार्य8गया है।

# जिले में गर्म हवाएं के साथ चल रही लूं : जिला प्रशासन ने की अपील, जरूरत पड़ने पर ही निकले घर से बाहर, वरना घर पर ही बिताएं समय

लोकतंत्र की आवाज

**राकेश कुमार मिश्रा (गया)**
**गया(बिहार)।** जिले में गर्मी के महीने में गर्म हवाएं एवं लूं भी चल रही है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव हमारे शरीर पर भी पड़ता है जो कभी-कभी तो जानलेवा भी साबित हो सकता है। जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने गया जिला वासियों से अपील किया है कि आपदा विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी तथा नीचे बताए गए उपायों का पालन कर गर्म हवाओं/लू के बुरे प्रभाव से बचे। बिना जरूरी कार्यों के घर से बाहर ना निकले। धूप में निकलने के दौरान अपने माथे पर तौलिया या टोपी अनिवार्य रूप से पहने!

**गर्म हवाएं एवं लू से सुरक्षा के उपाय**

**क्या करें**




- जितनी बार हो सके पानी पियें, बार-बार पानी पियें
- सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें।
- जब भी बाहर धूप में जायें यथा संभव हल्के रंग के ढीले ढाले एवं सूती कपड़े पहने। धूप के चश्मे का इस्तेमाल करें। गमछे या टोपी से अपने सिर को ढक के रखें व हमेशा जूता या चप्पल पहने।
- हल्का भोजन करें, अधिक पानी की मात्रा वाले मौसमी फल जैसे- तरबूज, खीरा, ककड़ी, खरबूजा, संतरा आदि का अधिक से अधिक सेवन करें।
- घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का पन्ना इत्यादि का नियमित सेवन करें।
- अपने दैनिक भोजन में कच्चा प्याज, सत्तू, पुदीना, सौंफ तथा खस को भी शामिल करें।
- स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान और आगामी तापमान के परिवर्तन के बारे में विभिन्न विश्वसनीय सूत्रों से लगातार जानकारियां लेते रहें।
- अगर तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आये तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

क्या न करें

- जहां तक संभव हो कड़ी धूप में बाहर न निकलें।
- अधिक तापमान में बहुत अधिक शारीरिक श्रम न करें।
- चाय, कॉफी जैसे गर्म पेय तथा जर्दा तंबाकू आदि मादक पदार्थों का सेवन कम से कम अथवा न करें।
- ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन जैसे- मांस, अंडा व सूखे मेवे, जो शारीरिक ताप को बढ़ाते है, का सेवन कम करें अथवा न करें।
- यदि व्यक्ति गर्मी यां लू के कारण उल्टियां करें या बेहोश हो तो उसे कुछ भी खाने-पीने को न दें।
- बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें।

लू लगने पर क्या करें :

- लू लगे व्यक्ति को छांव में लिटा दें। अगर उसके शरीर पर तंग कपड़े हो तो उन्हें ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- लू लगे व्यक्ति का शरीर ठंडे गीले कपड़े से पोछे या ठंडे पानी से नहलाएं।
- उसके शरीर के तापमान को कम करने के लिए कूलर, पंखे आदि का प्रयोग करें।
- उसके गर्दन, पेट एवं सिर पर बार-बार गीला तथा ठंडा कपड़ा रखें।
- उस व्यक्ति को ओ.आर. एस./नींबू-पानी, नमक चीनी का घोल, छाछ या शरबत पीने को दें, जो शरीर में जल की मात्रा को बढ़ा सके।

# अररिया लोस के चुनावी अखाड़े में ताल ठोकते नजर आएंगे सिर्फ 9 उम्मीदवार

## नाम वापसी के दिन किसी ने नाम नहीं लिया वापस



- संवीक्षापरांत स्वीकृत अभ्यर्थियों में भाजपा, राजद एवम अन्य दल से पांच एवम निर्दलीय चार रहेंगे मैदान में

लोक तंत्र की आवाज़

**डा. रूद्र किंकर वर्मा**

**अररिया।** अररिया लोकसभा क्षेत्र से कुल 29 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था। शनिवार को संवीक्षा के दौरान नामांकन में भरे गए पत्रों की जांच निर्वाची पदाधिकारी ने की। इस दौरान 20 नामांकन पत्र अपूर्ण व त्रुटिपूर्ण मिलने से अस्वीकृत कर दिया गया। अररिया लोकसभा में अब 09 प्रत्याशी ही मैदान में रह गए हैं। नाम निर्देशन वापस होने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल को किसी भी उम्मीदवारों ने नाम वापस नहीं लिया । इस बाबत जिला निर्वाची पदाधिकारी इनायत खान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कुल 09 उम्मीदवार के रहने की पुष्टि की।

**अररिया में 07.05.2024 को होगा मतदान:** प्रेस ब्रीफ के दौरान कहा गया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा दिनांक 16.03.2024 को जारी प्रेस नोट के आलोक में लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 का विस्तृत कार्यक्रम अनुसार 9–अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन तीसरे चरण में मतदान की तिथि 07.05.2024 को पूर्वाहन 7:00 बजे से अपराह्न 6:00 बजे तक निर्धारित है।

भारत निर्वाचन आयोग के अधूसिचना के आलोक में लोकसभा निर्वाचन संसदीय क्षेत्र संख्या–9 अररिया हेतु दिनांक 12.04.2024 से 19.04.2024 (शुक्रवार) के अपराह्न 3:00 बजे तक मान्यता/गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं निर्दलीय सहित नाम निर्देशन दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षापरांत स्वीकृत अभ्यर्थियों से की संख्या09रह गई है जो निम्नवत है।

01 मो० गौसुल आलम–बहुजन समाज पार्टी, 02 प्रदीप कुमार सिंह–भारतीय जनता पार्टी, 03 शाहनवाज–राष्ट्रीय जनता दल, 04 मो० इसमाईल–भारतीय मोमिन फ्रंट, 05जावेद अख्तर–द नेशनल रोड मैप पार्टी ऑफ इंडिया से उम्मीदवार हैं, अखिलेश कुमार,शत्रुघ्न प्रसाद सुमन सहित चार हैं निर्दलीय प्रत्याशी, 1अखिलेश कुमार, पिता मीत लाल यादव,सा०–मिल्की डुमरिया, पो०–भंगही, जिला–अररिया, 2मुस्ताक आलम, पिता वाजुद्दीन, ग्राम+पो०–चन्द्रदेई,थाना–अररिया आर०एस०, जिला–अररिया। निर्दलीय , 3मो० मोबिनुल हक, पिता इलियास,सा०–दुर्गापुर, पो०–भुना, थाना–महलगाँव, जिला–अररिया। निर्दलीय, 4शत्रुघ्न प्रसाद सुमन,स्व० मुरलीधर मंडल,सा०–भुतहा, थाना–सिकटी, जिला–अररिया निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी अखाड़े में ताल ठोकते नजर आएंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भद्दी में नौ दिवसीय भागवत कथा का हुआ आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**देवेन्द्र कुमार पतरघट ।** प्रखंड क्षेत्र के जम्हरा पंचयात स्थित भद्दी दूर्गा स्थान में नो दिवसीय भागवत कथा सोमवार को हुआ आयोजित, जिसको लेकर निकाली गई कलश यात्रा जिसमें बरी संख्या मे कुमारी कन्या एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया ,कलशयात्रा भद्दी महादेव स्थान से जल भर कर आयोजन स्थल तक आया इस बावत आयोजनकर्ता ने कलशयात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं का आभार ब्यक्त किया, जिन्होंने इस तपतपाती धूप में भाग लिया, और क्षेत्र के सभी लोगों से अपील किया की इस भागवत कथा मे भाग लेकर अपने जीबन को पुन्य बनावें

### जिलाधिकारी ने सतत कार्यशील समेकित नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी वैभव चौधरी ने रविवार को लोक सभा आम निर्वाचन निमित समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सतत कार्यशील समेकित नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण ९म में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने प्रति नियुक्त कर्मियो से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबध में पूछताछ की। वही सी विजिल एमसीसी से संबंधित पंजियों का अवलोकन किया। निरीक्षण ९म में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने लोक सभा आम निर्वाचनः 2024 निमित निरंतर कार्यशील एसएसटी प्वाइंट पर संस्थापित सीसीटीवी के माध्यम से किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त कर्मियो को निर्देश दिया गया कि वे एसएसटी प्वाइंट पर कार्यरत कर्मियो से पेयजल, मेडिकल किट उपलब्धता के संबंध में लगातार पूछताछ करते रहे। मेडिकल किट अनुपलब्धता की स्थिति में संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को समयोचित सहायता हेतु सूचित करना है। ज्ञात हो की समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सप्ताह के सात दिन चौबीस घंटे युद्ध स्तर पर कार्यशील समेकित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सिंगल विंडो, आदर्श आचार संहिता, व्यय लेखा अनुश्रवण, लोक शिकायत निवारण एवं सी विजिल एप्प अंतर्गत प्राप्त मामलो के निवारण हेतु कि जा रही कारवाई का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है।

### पटना समेत 8 जिलों में 24 तक लू का अलर्ट

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता ।**बिहार में पिछले तीन–चार दिनों से गर्म पछुआ हवा चल रही है। इससे अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है और लोग गर्मी महसूस कर रहे हैं। मौसम विभाग ने 21 से 24 अप्रैल तक पटना, शेखपुरा, जमुई, भोजपुर, औरंगाबाद, बांका, नवादा और नालंदा जिले में लू का अलर्ट किया गया है। पटना में पहली बार लू चलने को लेकर चेतावनी दी गई है। शनिवार को पटना समेत बिहार के 18 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। इसमें शेखपुरा सबसे गर्म रहा, यहां अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा औरंगाबाद का अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री, जमुई और नवादा का 43.2 डिग्री, गया का 43 डिग्री, पटना का 42.2 डिग्री, भोजपुर का 42.7 डिग्री, बांका का 42.2 डिग्री, नालंदा का 41.9 डिग्री, मोतिहारी और बेगूसराय का 41. 2 डिग्री, सीतामढ़ी का 40.4 डिग्री, छपरा का 40.3 डिग्री और समस्तीपुर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### राष्ट्रीय जनता दल अति पिछड़ा प्रकोष्ठ अररिया के कार्यकारणी समिति बैठक फारबिसगंज में 24 को : महानन्द विभु



लोक तंत्र की आवाज़

**फारबिसगंज।** जिला राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ अररिया के कार्यकारणी समिति बैठक 24.4.2024 दिन बुधवार समय 11 बजे सुबह फारबिसगंज राजद कार्यालय में है । बैठक में जिला राजद के सभी पदाधिकारी एवं प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं पंचायत के सभी पदाधिकारी शिरकत करेंगे। अररिया जिला राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष महानंद विभु ने कहा कि इस बैठक में अति पिछड़ा समाज के उन सभी से भी आग्रह है कि जो राजद के किसी भी विंग में है अति पिछड़ा से आते है इस बैठक में भाग लेंगे।साथ ही पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी, पूर्व सांसद , वर्तमान प्रत्याशी राष्ट्रीय जनता दल शहनवाज आलम प्रदेश उपाध्यक्ष अति पिछड़ा प्रकोष्ठ ,जिला अध्यक्ष राजद, जिला प्रभारी राजद , अति पिछड़ा प्रकोष्ठ अररिया को भी बैठक में आने का निमंत्रण दिया गया है। अररिया जिला भी अति पिछड़ा जिला में शामिल है।लोकसभा चुनाव को लेकर यह बैठक बुलाई गई है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर गठित विभिन्न कोषांग की जिलाधिकारी ने किया समीक्षा बैठक आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी वैभव चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लोक सभा आम निर्वाचनः 2024 के सुचारु संचालन निमित गठित कोषांगो द्वारा किए जा रहे की समीक्षा की गई एवं यथोचित दिशा निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी से पूर्व में दिए गए निदेर्शो के अनुरूप कुछेक मतदान केंद्र जहां आवश्यक न्यूनतम सुविधा के संदर्भ में त्रुटियों परिलक्षित हुई थी। उसके समाधान हेतु किए जा रहे प्रयास एवं ऐसे गैर शैक्षणिक संस्थान जहां निर्वाचन प्रयोजनार्थ व्हील चेयर निकटवर्ती विद्यालय से टैग करते हुए उपलब्ध कराया जाना है। उस हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई एवं उक्त वर्णित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिक ता देते हुए अविलंब पूर्ण करने हेतु आव– श्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टी डिस्पैच हेतु चिन्हित चार स्थलो पर भोजन, स्वच्छ पेय जल हेतु की गई व्यवस्था के संबंध में नोड– ल पदाधिकारी कार्मिक कल्याण कोषांग से समीक्षा की गई एवं उन्हे निर्देश दिया गया की संबंधित कार्यकारी एजेंसी से भोजन, स्वच्छ पेय जल के ससमय उपलब्धता के संबंध में कार्ययोजना प्राप्त की जाय। साथ ही संबद्ध कार्यकारी एजेंसी द्वारा इस हेतु किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्ध संसाधनों का यथासंभव पर्यवेक्षण भी करने के निर्देश दिए।

पोलिंग पार्टी के लिए पेयजल, भोजन (सशुल्क) का उत्कृष्ट प्रबंध हो इसे सुनिश्चित करना कार्मिक कल्याण कोषांग के लिए अनिवार्य, अपेक्षित होगा। बैठक में पोस्टल बैलेट कोषांग सहित अन्य कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवं सम्योचित सम्यक निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में अपर समाहर्ता ज्योति कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर सिमरी बख्तियारपुर, डीसीएलआर, सदर, उप निर्वाचन पदा– धिकारी, अन्य कोषांग के नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## बनमा-ईटहरी में एनबीडब्ल्यू वारंटी को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

**बनमा ईटहरी सहरसा संवाददाता।** बनमा ईटहरी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रसलपुर गांव से एनबीडब्ल्यू के फरार वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष ज्योतिष कुमार ने कहा गुप्त सूचना के आधार पर एक एनबीडब्ल्यू के फरार वारंटी मोहन साह के पुत्र रामाधार साह को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं।

## राजद उम्मीदवार प्रो चंद्रदीप यादव ने तुफानी दौरा आयोजित कर चलाया जनसंपर्क अभियान

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही है। सभी राजनीतिक दल के उम्मीदवार जनता के बीच जाकर लोगों को लामबंद कर जनसंपर्क अभियान चला रहे है। इसी कड़ी में रविवार को राजद उम्मीदवार प्रो चंद्रदीप यादव ने भी तुफानी दौरा कर लोगो के बीच अपनी बात रखकर जनसमर्थन मांगा। राजद उम्मीदवार ने बैजनाथपुर, पटुआहा, यादव चौक, सहरसा बस्ती, तिवारी टोला, लक्ष्मीनिया चौक, गंगजला चौक, पंचवटी चौक, बसौना एवं दिवारी स्थान मे जनसंपर्क कर मतदाताओ से भारी मतों से जीताने की अपील की।

प्रत्याशी श्री यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं प्रतिपक्ष के युवा नेता तेजस्वी यादव ने इस बार मुझे उम्मीदवार बनाया गया है। मै इस बार जनता के आशीर्वाद से अपार मतों से जीत हासिल करूंगा। क्योंकि वर्तमान सांसद दिनेश चंद्र यादव के प्रति लोगों में नकारात्मक प्रभाव है। उन्ह– ोंने संसदीय क्षेत्र में कोई विकास कार्य नही किया है। लोग एक अदद ओवरब्रिज के लिए वर्षो से कष्ट सहन कर रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार नें बेरोजगारी, मंह– गाई सहित सभी मोर्चे पर विफल रही है। जबकि पूर्व उप– मुख्यमंत्री के रूप में राजद ने पांच लाख से अधिक नौकरी दी है।

वही अपने घोषणापत्र में लोगो को पांच सौ मे गैस सिलेंड– र देने की बात कही है। साथ ही ओवरब्रिज, एम्स अस्पताल निर्माण सहित एनएच का जाल बिछाई जाएगी। इस अवसर पर राजद जिलाध्यक्ष मो ताहिर, वीआईपी जिलाध्यक्ष रेशमा शर्मा, भाकपा के ओमप्रकाश नारायण, धनिकलाल मुखिया, उपेन्द्र यादव, डूमरैल वार्ड पार्षद मिथिलेश कुमार बंटी एवं मशरफ हुसैन, गौतम कृष्ण, कौशल यादव, मो अकबर, टुनटुन शर्मा, मिथिलेश कुमार मनोज, सुमन सिह ने राजद उम्मीदवार का भव्य स्वागत कर दौरा में साथ रहें।

## मधेपुरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से आदर्श मिथिला पार्टी उम्मीदवार बनें ई सुरेश्वर पोद्दार

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवाददाता।** मधेपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तीसरे चरण में सात मई को चुनाव कराए जायेंगे। वही नामांकन दाखिल करने की तिथि भी समाप्त होकर इसकी स्कुटनी भी कर ली गई है। मधेपुरा। सीट पर राजग राजद आदर्श मिथिला पार्टी एंव निर्दलीय सहित कुल 15 लोगों ने नामांकन दाखिल किया।

बताया जाता है कि इसमे से आठ उम्मीदवार का नामांकन पत्र में त्रुटि रहने के कारण रद्द कर दिया गया। अब कुल सात उम्मीदवार मैदान में रह गए है। ऐसे मे मतदाता किसे ताज देकर सम्मानित करेगी वह चार जून को ही परिलक्षित होगी। वही आदर्श मिथिला पार्टी उम्मीदवार ई सुरेश्वर पोद्दार नें अपना नामांकन वैध होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आदर्श मिथिला पार्टी दिल्ली की तर्ज पर मुफ्त बिजली देने, पलायन की समस्या से निजात के लिए उद्योग स्थापित करने, बेरोजगारी भत्ता देने, पेंशन मे बढोतरी सहित अन्य मुद्दे पर जनता से आशीर्वाद प्राप्त कर अलग मिथिला राज्य निर्माण के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा इसके लिए जनता से अपार जन समर्थन मिल रहा है। सभी लोग मिथिला राज्य निर्माण के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे है। उन्होंने कहा कि मुझे सभी वर्गों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे उनके समर्थक मौजूद रहें।

## अररिया में भारी बहुमत से जीत होगी एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह कीः रंजीत यादव



- जोकीहाट विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी रंजीत यादव से आत्मीय मुलाकात के बाद खुश दिखे प्रदीप सिंह
- अररिया लोकसभा सीट से भाजपा टिकट की दौड़ में युवा दिलों के धड़कन रंजीत की चर्चा रही थी जोरों पर

लोक तंत्र की आवाज़

**डा. रूद्र किंकर वर्मा**

**अररिया।** यादव बिरादरी एवम बहुसंख्यक वर्ग से आने वाले युवा दिलों के धड़कन जोकीहाट से भाजपा के प्रत्याशी रहे रंजीत यादव अररिया संसदीय सीट से भाजपा टिकट के प्रबल दावेदार थे। भाजपा नेतृत्व ने इस बार भी निवर्तमान सांसद प्रदीप कुमार सिंह पर भरोसा जताया और उन्हें पार्टी का सिंबल दिया। टिकट दौड़ में रंजीत के रहने से दोनों के बीच दूरियां बढ़ी। चूंकि ये लोग पुराने और खांटी भाजपाई हैं रंजीत और प्रदीप सिंह का पुनः आत्मीय मिलन जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन की उपस्थिति में हुई।

युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव ने कहा कि उनकी भारी मतों से जीत में कोई किंतु परंतु नहीं है। भाजपा है तो भरोसा है। उन्होंने कहा कि पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए भाजपा प्रत्याशी बड़े भाई प्रदीप सिंह हीं इस सीट से जीतेंगे। अन्य प्रत्याशी जमानत बचाने के लिए जी तोड़ परिश्रम कर रहे हैं।भाजपा जो कमिटमेंट करती, उसे पूरा भी करती है

कद्दावर बी जे पी नेता रंजीत यादव ने पीएम मोदी के कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा जो कमिटमेंट करती, उसे पूरा भी करती है जो गरीब बच गए हैं उन्हें भी अब पक्का मकान मिलेगा । उन्होंने लोगों से बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी को विजय बनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। क्षेत्र में अपार जनसमर्थन मिलने से उत्साहित रंजीत यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। मोदी जी की सरकार में अब तक 4 करोड़ गरीब लोगों को पक्का मकान दिया जा चुका है। अगले पांच सालों में और तीन करोड़ लोगों को पक्का मकान दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश को 2047 तक विकसित और समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब भारत विकसित होगा तब बिहार भी समृद्ध और विकसित होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज प्रधानमंत्री जब भ्रष्टाचार मिटाने की बात करते हैं तो विरोधी तिलमिलाए हुए हैं। प्रधानमन्त्री ने साफ कहा है कि भ्रष्टाचार करने वालों को जेल जाना होगा।

बिहार में भी डबल इंजन की सरकार बनने के बाद सरकार ने कानून बनाया है कि बालू, जमीन और शराब माफियाओं को जेल जाना होगा या प्रदेश छोड़ देना होगा। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि आपका दिया गया एक–एक वोट प्रधानमन्त्री को तीसरी बार प्रधानमन्त्री बनाने से कोई नहीं रोक सकता। आप किसी के बहकावे में नहीं आवें और यहां कमल निशान पर बटन दबाएं।

## राजद उम्मीदवार प्रो चंद्रदीप की जीत के लिए ई. प्रभाष यादव तूफानी दौरा आयोजित कर कर रहे हैं जनसंपर्क अभियान

### मिल रह जनता का पुरकश सपोर्ट, कह रहे हैं ई बेर तो राजद को ही जिताएंगे

लोक तंत्र की आवाज़



**बिहारीगंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान की तिथि जैसे जैसे नजदीक आ रही है। सभी राजनीतिक दल के उम्मीदवार जहां जनता के बीच जाकर लोगों को लामबंद कर जनसंपर्क अभियान चला रहे है। वहीं वरीय राजद नेता ई.प्रभाष यादव अपनी टीम के मधेपुरा संसदीय सीट के राजद कैंडीडेट प्रो.चंद्रदीप यादव को जिताने की दिशा में उनका तुफानी दौरा जारी है। वे लोगो के बीच राजद के मेनिफेस्टो, चुनावी घोषणापत्र साझा करते हुए उनसे भारी मतों से जिताने का आ''ान कर रहे हैं। ई. प्रभाष बिहारीगंज में स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मधेपुरा लोकसभा के उम्मीदवार प्रो. चन्द्रदीप की जीत सुनिश्चित करने के लिए आगामी चुनावी रणनीति पर विचार विमर्श भी किया किया।

**ई बेर तो राजद को हीं जिताएंगेः** जन संपर्क यात्रा के दौरान ई. प्रभाष यादव ने बताया कि राजद कैंडीडेट प्रो. चन्द्रदीप किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं उन्हें मतदाताओं से पुरकस सपोर्ट मिल रहा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में मधेपुरा के चतुर्दिक विकास के लिए मतदान करने और राजद को जीताने की अपील की। लोगों ने कहा कि ई बेर राजद को हीं जिताएंगेङ्क.। बता दें कि ई. प्रभाष चुनाव प्रचार में जी–जान से जुटे हैं वे बिहारीगंज विधानसभा में कैम्प कर वहीं से हर दिन लिस्ट के मुताबिक जनसंपर्क अभियान में भिड़े हैं

## संक्षिप्त खबरें ।

### उपयुक्त रामगढ़ ने लोगों की सुनी जन समस्या जल्द निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



**लोकतंत्र की आवाज**
**धनंजय वैद्य , प्रभारी झारखंड प्रदेश**

**रांची (झारखण्ड)।** रामगढ़ में शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, सड़क, रोजगार, आवास, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### नामांकन के चौथे दिन लोकहित अधिकार मंच के सनन राम द्वारा नामांकन किया गया

**लोक तंत्र की आवाज**
**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** पलामू लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के चौथे दिन लोकहित अधिकार पार्टी के सनन राम द्वारा नामांकन किया गया है.वहीं दूसरी ओर सोमवार को दो नामांकन पत्र बिके। अब तक 9 नामांकन पत्र बिक चुके हैं। सोमवार को बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा और बृजेश कुमार तुरी ने नामांकन पत्र खरीदा है। बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा आज नामांकन करेंगे।

### अस्पताल के बाहर बिजली पोल पर हो रहा शॉर्ट सर्किट,लोगो में बना हुआ है भय का माहौल

**लोक तंत्र की आवाज**
**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** सदर अस्पताल के हेल्थ मैप सेंटर के समीप करीब 15 दिन से बिजली पोल पर शॉर्ट सर्किट हो रहा है।लेकिन इस और किसी का ध्यान नही है।अस्पताल में एक महीना पहले भी शॉर्ट सर्किट हुआ था जिसके कारण पोल से बिजली का तार टूट कर गिर गया था परंतु किसी को हानि नहीं पहुंची थी।अभी हाल में फिर से शॉर्ट सर्किट हो रहा है।अस्पताल प्रबंधक के द्वारा इसकी जानकारी बिजली विभाग को भी दी गई है।परंतु बिजली विभाग और अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण अभी तक शॉर्ट सर्किट का काम नहीं हो पाया है। बताते चले की सदर अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में मरीज अपना इलाज करवाने आते हैं। यदि शॉर्ट सर्किट के कारण किसी दिन बिजली का तार टूट कर गिर गया तो मरीज के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना घट सकती है। वही अस्पताल के आसपास के दुकानदारों ने बताया कि आज लगभग 15 दिनों से अस्पताल के बिजली पोल पर शॉर्ट सर्किट हो रहा है। दुकानदारों ने बताया कि इसकी जानकारी हम लोगों के द्वारा भी बिजली विभाग को दी गई है परंतु बिजली विभाग की लापरवाही होने के कारण अभी तक शॉर्ट सर्किट को बनाने का काम नही हुआ है।वही शॉर्ट सर्किट होने की वजह से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

# पिता सुबोधकांत सहायक की विरासत को संभालने उतरी यशस्विनी का भव्य स्वागत

**लोकतंत्र की आवाज़**

**सुनील कुमार गुप्ता , चांडिल अनुमंडल**
**सराइकेला खरसावां (झारखंड)।** आज दिनांक 22 अप्रैल 2024 दिन सोमवार , रांची लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय टिकट मिलने के बाद सोमवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंची ' कांग्रेस पार्टी ने रविवार को ही रांची संसदीय क्षेत्र के लिए उनके नाम की घोषणा उम्मीदवार के रूप में किया था ' रांची सीट से उम्मीदवार घोषित होने के दूसरे दिन ही उन्होंने अपने पिता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के साथ ईचागढ़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर अपनी भावी योजनाओं के बारे में बताया और समर्थन मांगा ' लोगों से मिलने के दौरान उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में बेरोजगार युवाओं की समस्या, महिलाओं के साथ हो रही अन्याय, अत्यचार और कमर तोड़ मंहगाई जैसे मुद्दों पर अपनी बातों को रखा '





**दिवड़ी में पूजा–अर्चना कर शुरू किया प्रचारः** इंडिया गठबंधन की साझा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सोमवार को दिउड़ी मंदिर में मां दुर्गा की पूजा–अर्चना करने के बाद अपना प्रचार अभियान शुरू किया ' सबसे पहले ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के टीकर पहुंची. टीकर में भगवान गणेश जी की पूजा–अर्चना करने के बाद चुनाव–प्रचार अभियान का श्रीगणेश किया ' इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले दस साल से देश की जनता मोदी सरकार का दंश झेल रही है ' अब आम जनता मोदी के जुमलों से छुटकरा पाना चाहती हैं ' कांग्रेस की सरकारों ने जनता के लिए जो सुविधाएं दी है, उनका एक प्रतिशत भी मोदी सरकार नहीं दे सकी है ' मोदी सरकार सिर्फ प्रचार करने में ही कांग्रेस की सरकार से आगे है ' उन्होंने सोमवार को टीकर में लोगों से मिलने और चर्चा करने के बाद चिपड़ी में ग्रामीणों से बात की ' इस दौरान चिपड़ी में महिलाओं ने उनका जोरदार अभिनंदन किया ' यशस्विनी सहाय ने मिलन चौक में भी प्रचार अभियान चलाया ' इस दौरान उनके पिता व पूर्व कंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी साथ थे '

**पिता की विरासत संभालेगी यशस्विनीः** रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के युवा व महिला उम्मीदवार यशस्विनी सहाय अपने पिता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय का विरासत को संभालने मैदान में उतरी है ' कांग्रेस ने युवा व महिला उम्मीदवार देकर युवा व महिलाओं को साधने का प्रयास किया है ' यशस्विनी सहाय ट्रांसनेशनल क्राइम एंड जस्टिस, टुरिन, इटली से लॉ में मास्टर डिग्री प्राप्त किया है ' रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी के रूप में पहले सुबोधकांत सहाय, रामटहल चौधरी और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के नाम की चर्चा चल रही थी ' यशस्विनी सहाय का चुनावी मैदान में भाजपा के दिग्गज नेता व निवर्तमान सांसद संजय सेठ से सामना होगा ' सुबोधकांत सहाय रांची से तीन बार सांसद निर्वाचित हो चुके है और केंद्र में मंत्री भी रह चुके हैं '

## 25 मई को राँची में मतदान अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक



**लोकतंत्र की आवाज**

**धनंजय वैद्य , प्रभारी झारखंड प्रदेश**
**रांची ( झारखंड)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार बैठक लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को उपलब्ध करायी जायेगी पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा मीडियाकर्मियों के समक्ष वीडियो डेमोन्स्ट्रेशन कर पोस्टल बैलट से मतदान की दी गयी जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा के निदेशानुसार आज दिनांक 22 अप्रैल 2024 को लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग श्री संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी श्री संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती उर्वशी पाण्डेय, आवश्यक सेवाओं से जुड़े संस्थान के प्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे।

बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग श्री संजय कुमार भगत ने डाक मतपत्र संबंधित सभी बारिकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी–बैलेट पेपर ?

## जॉयट्स ग्रुप आफ डालटेनगंज में राहगीरों के लिए मुफ्त में पानशाला का किया शुभारंभ




**लोक तंत्र की आवाज**
**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** इक्कीस अप्रैल रविवार को जॉयट्स ग्रुप आफ डालटेनगंज पलामू द्वारा आम राहगीरों के लिए निशुल्क पनशाला का शुभारंभ स्थानीय नवकेतन रोड के निकट निर्वाणा होटल के समीप किया गया उक्त पनशाला का शुभारंभ। शहर के मशहूर चिकित्सक सह मेडिकल कॉलेज के प्राध्यापक डॉ आर के रंजन द्वारा फीता काटकर किया।

जॉयट्स ग्रुप लगातार अपने सेवा संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये गरीब एवं जरूरतमंदों की मदद करते आ रहा है। इस कार्यक्रम में जायंट्स ग्रुप आफ डालटेनगंज के वर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद मुर्तजा ने उपस्थित लोगों को संबोधित और उत्प्रेरित करते हुए कहा कि यह सेवा समूह आने वाले समय में जरूरतमंदों के लिए पूरे जिले में कई कार्यक्रम चलाएगा।

उक्त अवसर पर शहर के गणमान्य लोगों के आलावा होटल निर्वाणा के प्रोपराइटर मनजीत आनंद, गौतम सेन गुप्ता, एसपी जायसवाल, दिलीप सिंह, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, राजन सहाय, पंकज लोचन, जावेद अहमद, रोहित बजाज, गुड्डू खान के साथ ही सहेली उड़ान की कई महिला पदाधिकारी देवेंद्र कौर ,प्रियंका आनंद ,आरती ,सीमा भसीन एवं सदस्य गण इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# हनुमान जयंती पर निकलेगा झंडा विसर्जन जुलूस

**तैयारी पूरी**

**लोकतंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार गुप्ता , चांडिल अनुमंडल**
**सराइकेला खरसावां (झारखंड)।** आज दिनांक 22 अप्रैल 2024 दिन सोमवार चांडिल अनुमंडल के चांडिल कॉलेज रोड स्थित श्रीश्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा में खेलाई चंडी की पूजा लगभग 85 वर्ष पहले से होता आ रहा है ' श्रीश्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा के बजरंगबली मंदिर में 21 फीट की बजरंग बली की प्रतिमा स्थापित है ' यहां वर्ष 2005 में स्थानीय लोगों ने मिलकर यहां 51 फीट ऊंची मंदिर बनवाया है '

कॉलेज रोड चांडिल से श्रीश्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा के नेतृत्व में झंडा विसर्जन जुलूस प्रतिवर्ष हनुमान जयंती के दिन निकाला जाता है ' चांडिल अनुमंडल क्षेत्र का यह सबसे अंतिम विसर्जन जुलूस रहता है ' खेलाई चंडी अखाड़ा से वर्ष 2000 से रामनवमी का झंडा विसर्जन जुलूस हर्षोल्लास पूर्वक पारंपरिक रीति–रिवाज



के अनुसार निकाला जा रहा है ' इसके पूर्व भी यहां से झंडा विसर्जन जुलूस निकाला जाता था, लेकिन उस समय श्रीश्री 108 खेलाई चंडी बजरंग दल अखाड़ा का गठन नहीं हुआ था '

**विसर्जन जुलूस के पूर्व होगा सम्मान समारोहः** इस वर्ष झंडा विसर्जन जुलूस मंगलवार 23 अप्रैल को निकाला जाएगा ' यहां महावीर झंडा का विसर्जन जुलूस तामझाम के साथ निकालने की तैयारी पूरी कर ली गई है ' सामाजिक सद्भाव के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाली जाने वाली विसर्जन जुलूस में आकर्षक झांकी के साथ श्रद्धालुओं का हुजूम शामिल होता है ' अखाड़ा की ओर से मिली जानकारी के अनुसार विसर्जन जुलूस में चांडिल के खिलाड़ियों के साथ हजारीबाग और जमशेदपुर के भक्त खिलाड़ी भी अपना करतब दिखाएंगे ' प्रतिवर्ष हनुमान जयंती के दिन निकलने वाले रामनवमी झंडा विसर्जन जुलूस में खिलाड़ी लाठी, तलवार समेत अन्य हैरतंगेज खेल का प्रदर्शन करते हैं , और जुलूस के साथ चलते हैं ' झंडा विसर्जन जुलूस के पूर्व अखाड़ा की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा ' सम्मान समारोह में प्रतिवर्ष क्षेत्र के विशिष्ट लोगों के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाता है।

# धनबाद व गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25 मई को वोटिग

**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा, ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह झारखंड।** धनबाद गिरिडीह जमशेदपुर तथा रांची लोकसभा क्षेत्र का चुनाव 25मई 2024 को होना है। गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र ( 32– गिरिडीह, 33 –डुमरी, 34– गोमिया, 35– बेरमो 42– टुंडी एवं 43– बाघमारा विधानसभा क्षेत्र) के लिए छठे चरण में चुनाव होना है। चुनाव की अधिसूचना 29 अप्रैल ,नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 6 मई, नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी 7 मई अभ्यर्थीता वापस लेने की तिथि 9 मई तथा मतदान उपरांत 4 जून को मतगणना की तिथि निर्धारित की गई है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त श्रीमती विजय जाधव ने कही मौके पर पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 18 01 845 है जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 935 046 एवं महिलाओं की संख्या 866782 है वही ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 17 है जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 22 जनवरी 2024 से अब तक सभी विधानसभा क्षेत्र में कुल 34896 नए मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांग मतदाता 18309 एवं 85 प्लस मतदाताओं की संख्या 5891 है। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी 6 विधानसभा क्षेत्र में कुल 1362 भवनो में कुल मतदान केदो की संख्या 2160 है जिसमें 32 गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 253 भावनों में 367 मतदान केंद्र 33 डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 239 भावनों में 373 मतदान केंद्र 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 207 भावना में 341 मतदान केंद्र 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 216 भवनों में 355 मतदान केंद्र 4 तो 20 विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 247 भवनों में 369 मतदान केंद्र एवं 43 बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 200 भवनों में 355 मतदान केंद्र बनाए गए हैं ।वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपयुक्त ने विभिन्न कोषांगो द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी विस्तार से दी आगे उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादन बाजार समिति आईटीआई मोड चास को ब्रज गह एवं मतदान केंद्र बनाया गया है।

अधिसूचना जारी होने के साथ ही ज्ञापांक 1052 निर्वाचन दिनांक 16 मार्च 2024 के द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू करते हुए 247 कंट्रोल रूम कंपोजिट कंट्रोल रूम में प्रारंभ है। प्रत्येक मतदाता केंद्र पर एवं ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाएगा। कहा की ईवीएम पर सभी प्रत्याशी का तस्वीर भी रहेगा रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक लाउडस्पीकर बंद रहेगा मतदान के 48 घंटा पहले लाउडस्पीकर चुनावी सभा प्रचार– प्रसार पर रोक रहेगी। सभी उम्मीदवारों को हलफनामा देना होगा प्रत्याशियों को अपराधिक रिपोर्ट की जानकारी देनी होगी। जाघव ने कहा कि लोकसभा चुनाव से संबंधित शिकायत/जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबर डायल 1950 सेवा शुरू की गई है जो सुबह 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक कार्यरत रहेगी निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी – विजिल एप बनाया गया है ।जिसके द्वारा प्राप्त शिकायत को 100 मिनट के अंदर समाधान किया जाएगा। निर्वाचन कार्य को सफल संचालन को लेकर कल 200 सेक्टर पदाधिकारी (बोकारो जिला) बनाया गया है।

# जमशेदपुर लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी साधु चरण पाल का सघन जनसंपर्क जारी

**लोकतंत्र की आवाज**

**रवि प्रकाश सिंह**
**पूर्वी सिंहभूम झारखंड, घाटशिला।** जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भावी प्रत्याशी साधु चरण पाल लगातार लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं अपने सघन दौरे में लोगों की घरों तक पहुंच रहे हैं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर रहे हैं और उनकी समस्याओं को विस्तार से जान रहे हैं बता दें कि शिक्षक रहे साधु चरण पाल ने पिछले महीने लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की थी

श्री पाल ने बताया कि वह अब तक बहरागोड़ा घाटशिला और पोटका का दौरा कर चुके हैं उन्होंने कहा कि आजादी के सात दशक पर होने के बावजूद आज भी हम बुनियादी



समस्याओं से जूझ रहे हैं उन्होंने कहा कि बहरागोड़ा विधानसभा के कई गांव में आज तक पेयजल नहीं पहुंच पाया है सरकारी सुविधाएं न के बराबर है साथ ही मेडिकल के सुविधा भी ना के बराबर है उन्होंने कहा कि आज हम एक तरफ आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं और दूसरी ओर इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का आभाव है उन्होंने कहा कि अगर वह लोकसभा चुनाव जीत जाते हैं तो बुनियादी सुविधाओं पर सबसे पहले काम करेंगे उनके साथ उनकी धर्मपत्नी व शिक्षिका साधना पाल के साथ–साथ उनके अधिवक्ता पुत्र भी लगातार जनसंपर्क अभियान में चल रहे उनके जनसंपर्क अभियान की खास बात यह भी है कि जिन क्षेत्रों में उनका जनसंपर्क अभियान चल रहा है।

## कोवाली पुलिस ने अवैध गांजा खरीद-बिक्री करते होटल संचालक को दबोचा, भेजा सलाखों के पीछ

**लोकतंत्र की आवाज**

**पूर्वी सिंहभूम झारखंड**
**जादूगोड़ा/पोटका।** कोवाली थाना पुलिस ने अवैध गांजा बेचते तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है पुलिस की गिरफ्त में आए तस्कर का नाम सुकू महाकुड़ है. सुकू के पास से पुलिस ने 1.064 किलो गांजा और एक मोबाइल फोन बरामद किया है.

इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि कोवाली थाना अंतर्गत बालीडिपा गांव स्थित हाट टोला के पास ओम प्रधान होटल में सुकू महाकुड़ द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध गांजा की खरीद– बिक्री किया जा रहा है. सूचना मिलते ही एसएसपी द्वारा मुसाबनी डीएसपी के




नेतृत्व में एक टीम का गठन करते हुए छापेमारी का निर्देश दिया गया. टीम ने ओम प्रधान होटल में छापेमारी की. जहां से 1.064 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया. होटल मालिक सुकू महाकुड़ से अवैध गांजा तस्करी के बारे में पूछने पर बताया कि उड़ीसा के रहनेवाले एक व्यक्ति द्वारा गांजा की सप्लाई की जाती है. जिसे सुकू महाकुड़ पुड़िया बनाकर बेचा जाता है. पूछताछ के बाद सुकू महाकुड़ को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है.

# पूर्व सांसद सह बसपा से कामेश्वर बैठा 23 अप्रैल को करेंगे नामांकन

**लोकसभा चुनाव**

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**
**पलामू।** बसपा पार्टी के चयनित पलामू लोकसभा के प्रत्याशी कामेश्वर बैठा ने अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया, लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार–प्रसार अभियान चलाने एवं नामांकन रैली में शामिल होने को लेकर चर्चा भी की गई.

वही कामेश्वर बैठा ने कहा की लोकसभा चुनाव के लिए वे नामांकन करेंगे. बसपा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि पूरे पलामू लोकसभा संसदीय क्षेत्र में पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी,और हम चुनाव जीतेंगे,जनता का वादा किया गया उसे पूरा करेंगे,और चुनाव जीतकर बहन






मायावती के हाथो को मजबूत करेंगे, बसपा पार्टी के लोकसभा प्रभारी बिनोद सोनी ने कहा कि सभी बसपा कार्यकर्ता इस नामांकन रैली में अपने–अपने खर्चे एवं व्यवस्था पर मेदिनीनगर जायेंगे. बैठक में चुनाव को लेकर कई रणनीति भी बनायी गयी.

**राजद के टिकट में पैसे का हुआ लेनदेन : कामेश्वर बैठाः** बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए बसपा प्रत्याशी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि महागठबंधन की ओर से घोषित राजद की प्रत्याशी ममता भुईंया आरएसएस की कैडर रह चुकी है और आज भी वह आरएसएस में ही है. उन्होंने कहा कि पलामू सीट पर राजद का बीजेपी से अंदरूनी गठबंधन है. उन्होंने कहा कि वह राजद में रहे लेकिन वहां से उन्हें टिकट नहीं मिला. इसलिए उन्होंने पार्टी छोड़ दी है. उन्होंने कहा कि राजद सुप्रिमो लालू प्रसाद यादव को झांसा देकर ममता भुईंया को टिकट दिलवाया गया है. इसमें पैसे का लेनदेन भी हुआ है. लेकिन ममता भुईंया को टिकट देकर आज लालू यादव भी अफसोस कर रहे हैं. कामेश्वर बैठा ने कहा कि इंडिया गठबंधन एवं एनडीए दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं. उन्होंने कहा कि दोनो के ही प्रत्याशी बाहरी हैं. लेकिन वह पलामू के बेटे हैं. उन्होंने कहा कि उनका गठबंधन जनता के साथ है. इसलिए जनता उनके पक्ष में वोट डालेगी. वह मायावती व कांशी राम के विचारों से पूरी तरह प्रेरित हैं और उनके सपनों को पूरा करने का काम करेंगे..

## संक्षिप्त खबरें ।

# अरना मुसहर टोली गांव में अग्नि पीड़ितों को दी सहायता



**लोकतंत्र की आवाज**

**मशरक (सारण)।** मशरक के अरना मुसहर टोली गांव आग से बेघर हुए आधा दर्जन परिवारों के लोगों से मिलकर समाजसेवी बृजकिशोर सिंह ने आर्थिक सहायता दी। वहीं मुखिया अनिल ठाकुर ने सरकारी सहायता शीघ्र दिलाने का आश्वासन दिया। रविवार को दिन के दोपहर में चूल्हे की चिंगारी से में लगी आग से आधा दर्जन परिवार का आशियाना खाक हो गया। सीओ सुमंत कुमार ने अग्निकांड से पीड़ित सभी परिवारों का जायजा लिया। समाजसेवी बृजकिशोर सिंह ने बताया कि सभी परिवार को खाने का सामान और नगदी आर्थिक मदद की गयी हैं।

# विभिन्न मामलों के फरार चार आरोपित गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**

**एकमा (सारण)।** भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से एकमा थाने की पुलिस ने शराब मामले के फरार आरोपितों क्रमशः छित्रवलिया गांव निवासी शोभा देवी व परसागढ़ हंसवापर गांव के निवासी पंकज नट को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने मठनपुरा गांव में छापेमारी कर मारपीट व हत्या के प्रयास के फरार आरोपित मृत्युंजय राय उर्फ रेड्डी को गिरफ्तार किया। इसी दौरान पुलिस ने सेन्दुवार गांव के रामायण साह को 17 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि एकमा थाने की पुलिस ने शराब को बरामद कर गिरफ्तार चारों आरोपितों से आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से असमाजिक तत्वों में कानून का भय उत्पन्न हो गया है।

# टोटो पलटने से चालक समेत चार सवार घायल, सीएचसी में हुआ उपचार

**लोकतंत्र की आवाज**

**एकमा (सारण)।** छपरा–सीवान मुख्य मार्ग एन एच 531 पर एकमा प्रखण्ड क्षेत्र के आमड़ाढ़ी गांव के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित टोटो सामने से आ रही एक ट्रक से साइड लेने के दौरान सड़क के किनारे पलट गई। जिसमें चालक समेत सवार चार लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि आसपास के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कराया। घायलों में लौवारी गांव निवासी टोटो के चालक रमेश मांझी, सवार शीतलपुर गांव की रीता देवी, मांझी गांव के रंजीत प्रसाद व गरखा गांव की मुंगर देवी शामिल हैं। बताया जाता है कि टोटो पर सवार लोग रसूलपुर से एकमा आ रहे थे। इसी दौरान टोटो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। बताया जाता है कि घायलों को मामूली चोंटे आयी हैं।

# मानवता: क्राउडफंडिंग के जरिए राशि इकट्ठा कर सड़क दुर्घटना की शिकार महिला का हो रहा है इलाज

**लोकतंत्र की आवाज**

**बरहरवा।** कोटालपोखर थाना क्षेत्र के पलाशबोना गांव के समीप विगत गुरुवार को ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर से हुए भीषण दुर्घटना में एक 7 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई थी, वहीं 45 वर्षीय महिला सेतेरा बीबी को गंभीर चोट आई थी। जानकारी के अनुसार उनका दोनो पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया था। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण परिजन उनका इलाज कराने में असमर्थ हो रहे थे। तभी यूनाइटेड गुमानी ग्रुप एवं हेल्पिंग नेचर सोसाइटी ने आगे आकर पीड़ित महिला के इलाज के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से क्राउडफंडिंग कर इलाज के लिए आवश्यक राशि इकट्ठी की।



वरिष्ठ समाजसेवी मो. लूतफुल हक़, अब्दुस सकूर, एम. एस. हसन, वकील अहमद ने गुमानी क्षेत्र के सबसे सक्रिय व्हाट्सएप ग्रुप यूनाइटेड गुमानी व दीन दुखियों के इलाज हेतु मददगार संस्था हेल्पिंग नेचर सोसाइटी को मदद के लिए जानकारी दिया। इस के पश्चात महिला के इलाज के लिए सहयोग राशि मांगते हुए उनके परिजन के बैंक खाते की जानकारी व यूपीआई क्यूआर कोड सार्वजनिक किया गया। देखते ही देखते गुमानी, कोटलपोखर एवं अन्य जगहों से यूपीआइ के मध्यम से राशि जमा होना शुरू हुआ। कुछ ही घंटो में इलाज की सहायता राशि जमा हो गई। ऑडिट तैयार करने तक कुल 63 हजार 6 सौ 23 रुपए की राशि जमा हुई है। जिससे महिला का इलाज भागलपुर में चल रहा था।

वहीं सोमवार को पीड़िता के लिए विभिन्न माध्यमों से अर्जित सहयोग राशि से उनके इलाज में विभिन्न माध्यमों से खर्च के उपरांत बची हुई राशि 17 हजार 765 रुपए को उन्हें उनके घर जाकर सौंप दिया गया। वहीं पीड़िता के परिजनों ने यूनाइटेड गुमानी ग्रुप के सदस्यों, हेल्पिंग नेचर सोसाइटी एवं सहयोग करने वाले सभी को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। वहीं यूनाइटेड गुमानी के सह एडमिन वसीम अख्तर ने कहा कि क्षेत्र लोगों द्वारा सामाजिक सदभावना की एक और अविश्वसनीय मिसाल कायम किया गया।

इसी तरह समाज एकजुट होकर एक दूसरे की मदद करे तो एक बेहतर समाज की परिकल्पना की जा सकती है, जहां सभी लोग मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं को अंगीकार कर अपने जीवन में आगे बढ़ेंगे। मौके पर हेल्पिंग नेचर सोसाइटी के अध्यक्ष मो. रियाजुद्दीन, कोषाध्यक्ष वसीम अख्तर, यूनाइटेड गुमानी के सह एडमिन वकील अहमद, सदस्य एम. एस. हसन, मो. असफाक, इमाम हुसैन, मो. रियाज, उक्त ग्राम के वरिष्ठ समाजसेवी मो. लूतफुल हक़, अब्दुस सकूर के अलावा अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# चुनाव: स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के हुए आयोजन




**लोकतंत्र की आवाज**

**धनंजय वैद्य , प्रभारी झारखंड प्रदेश**
**रांची (झारखण्ड)।** धनबाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 में स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 01 अप्रैल 2024 को विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न बूथों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसके तहत आज विभिन्न बूथों पर चुनाव से संबंधित फ्लोर गेम, क्विज प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, समेत कई अन्य गतिविधियां की गई। इन सभी गतिविधियों का लक्ष्य है कि शत प्रतिशत वोटर मतदान के दिन अपने–अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरुकता के तहत लोगों को शपथ दिलाई गई। साथ हीं लोगों में स्वीप गतिविधियों के तहत सेल्फी स्टैंड में सेल्फी भी ली। इस दौरान स्वीप कोषांग द्वारा शपथ ग्रहण करवाते हुए निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया।

# प्रचार वाहन के पोस्टर को फाड़ने को लेकर केस दर्ज



**लोकतंत्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** आज देर शाम इसीपुर थाना को सूचना मिली कि ग्राम कमल चक में एनडीए समर्थित उम्मीदवार के प्रचार वाहन पर लगा पोस्टर को गांव के विद्यालय के समीप खेल रहे कुछ बच्चों के द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

प्रचार कर रहे वाहन पर सवार एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज करने की भी सूचना सामने आ रही है ।सूचना प्राप्त होने पर अनुमंडल पुरी पुलिस पदाधिकारी कहलगाव 2 तथा थाना प्रभारी इशीपुर अपने दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे।

घटना का संबंध में रविंद्र पोद्दार उम्र 25 वर्ष, पिता कारू पोद्दार गांव गोराडीह के लिखित आवेदन का आधार पर 20-- 25 अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।अज्ञात कोई पहचान करने की प्रक्रिया जारी है।

# लोकसभा आम निर्वाचन को सफल बनाने हेतु जिलाधिकारी सह उपायुक्त ने की बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**

**धनंजय वैद्य , प्रभारी झारखंड प्रदेश**
**रांची (झारखण्ड)।** रामगढ़ लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान रामगढ़ जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के सफल तथा स्वच्छ आयोजन को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की वही इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपाय की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक का भी आयोजन किया गया।



बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंकों के प्रतिनिधियों से लोकसभा आम निर्वाचन के तहत मतदाता जागरूकता सहित अन्य विषयों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

इस दौरान उपायुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों पर 20 मई 2024 यानी मतदान की तिथि के दिन दिव्यांग, बुजुर्ग सहित अन्य जरूरतमंद मतदाताओं का मतदान आसानी पूर्वक सुनिश्चित कराने को लेकर व्हीलचेयर सहित अन्य उपकरण उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उपायुक्त ने सीएसआर समिति की बैठक के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए एजेंसियों के अधिकारियों तथा प्रतिनिधियों से भी उनके द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के अधिकारियों/प्रतिनिधियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्र पर विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण व्हीलचेयर आदि उपलब्ध कराने तथा अपने–अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों के संबंधित अधिकारियों के साथ से बात की।

# मोतिहारी: एसआरएच कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल पताही में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत।** पताही प्रखंड क्षेत्र के रुपनी चौंक स्थित एसआरएच कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें आशुभाषण प्रतियोगिता, कोलाज मेकिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं से बच्चों ने धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया।

इस अवसर पर बच्चों को पृथ्वी दिवस मनाने के कारण को बताया गया। इस बाबत स्कूल के चेयरमैन इंजीनियर संजय कुमार ने बताया कि आज जिस तरह से प्रकृति का दोहन हो रहा है, उससे वैश्विक स्तर पर हमारे भविष्य के लिए चिंता होना स्वाभाविक है। वहीं स्कूल के प्रिंसिपल डॉ ज्योत्स्ना ने बताया कि



22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्थन प्रदर्शित करने के लिए पृथ्वी दिवस का आयोजन किया जाता है। मौके पर संतोष राउत, चंदा कुमारी, आलोक कुमार, अमित कुमार तथा मोनू कुमार सहित अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएं व छात्र उपस्थित थे।

# डीडीसी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक हुई संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज**

**धनंजय वैद्य , प्रभारी झारखंड प्रदेश**
**रांची (झारखण्ड)।** लातेहार उप विकास आयुक्त श्री सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त ने जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर चर्चा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित वाहनों की जांच करें एवं नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।



इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सड़क सुरक्षा के तहत बनाए गए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। बैठक में उप विकास आयुक्त ने हिट एंड रन मामलों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट की जानकारी साझा की। उप विकास आयुक्त ने सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट में दुर्घटना रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

उप विकास आयुक्त ने परिवहन पदाधिकारी, विभिन्न थाना प्रभारियों को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाकर नियमानुसार जुर्माना करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जांच में हेलमेट ना पहनने, गाड़ी के कागजात समेत शराब पीकर गाड़ी चलाने की भी जांच करने तथा कारवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, उत्पाद अधीक्षक, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# पुलिस ने किया सीआरपीएफ के साथ फ्लैग मार्च, वल्नरेबल बूथों की सुरक्षा का लिया जायजा



**लोकतंत्र की आवाज**

**धनंजय वैद्य, प्रभारी झारखंड प्रदेश**

> धनबाद नागरिकों से निर्भीक होकर मतदान करने की किया अपील

**रांची (झारखंड)।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अपनी सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने में जुटी है। इसी उद्देश्य के तहत पुलिस द्वारा निरंतर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। सोमवार को भी पुलिस की टीम ने जिले के कई वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण किया।

इस क्रम में सीआरपीएफ के साथ मिलकर पुलिस ने बैंक मोड़, भूली, केंदुआडीह, झरिया एवं जोरापोखर थाना क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए इन इलाकों के वल्नरेबल बूथ का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते हुए पुलिस टीम ने स्थानीय वोटरों से भी मुलाक़ात की और आने वाले चुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस की टीम ने सभी मतदाताओं को सुरक्षा का पुख्ता भरोसा दिलाते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर जाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में अपने मताधिकार का प्रयोग करने को कहा।

चुनाव के मद्देनज़र वल्नरेबल बूथ के आसपास कें क्षत्रों में रहने वाले सभी संदिग्ध व्यक्तियों की हर गतिविधियों पर पुलिस अपनी नज़र बनाये हुए है। चुनाव के दौरान मतदान को प्रभावित करने अथवा शांति भंग करने की मंशा रखने वालों को पुलिस की तरफ से सख्त चेतावनी दी गई है, ऐसे लोगों को चिन्हित कर विधिक कार्रवाई भी की जा रही है। धनबाद पुलिस लगातार सभी मतदाताओं से अपील कर रही है कि आने वाले चुनाव में सभी वोटर निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।